RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www. bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः 137 , मंगलवार, 30 जून 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com




कायस्थ शक्ति मोर्चा ने संगठन विस्तार, डिजिटल सशक्तिकरण एवं समाज हित में नेतृत्व... 03



पर्यावरण संरक्षण और समाजसेवा के लिए डॉ. अरुण कुमार गुप्ता अंतरराष्ट्रीय मानद ... 04

इंडियन हो या वेस्टर्न, हर लुक में बला की खूबसूरत लगती हैं कैरी ऑन... 07

## संक्षिप्त समाचार

### अमरनाथ यात्रा से पहले बाबा बर्फानी की हुई पहली पूजा

- उपराज्यपाल ने दर्शन किए, यात्रा 3 जुलाई से शुरू



**जम्मू-श्रीनगर (एजेंसी)।** अमरनाथ यात्रा शुरू होने के 3 दिन पहले सोमवार को बाबा बर्फानी की पहली पूजा हुई। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने पूजा की। इस साल 3 जुलाई से बालटाल और पहलगाम दोनों मार्गों से अमरनाथ यात्रा शुरू होगी। यात्रा 28 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन खत्म होगी।

### सेशेल्स दौरे के आखिरी दिन भारतीय समुदाय से मिले पीएम मोदी

- महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देकर भारत रवाना हुए



**विक्टोरिया (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अपने तीन दिवसीय सेशेल्स दौरे के आखिरी दिन भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने विक्टोरिया में प्रवासी भारतीयों से बातचीत की और उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं।

प्रधानमंत्री ने अरुल मिहु नवशक्ति विनायकर मंदिर में भगवान गणेश के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने विक्टोरिया के पीस पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। इसके बाद वह नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए है।

**सीबीएसई का फैसला**

### तीसरी भाषा में बोर्ड परीक्षा नहीं होगी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीबीएसई ने सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत थ्री लैंग्वेज पॉलिसी लागू करने को लेकर नई गाइडलाइन जारी की। बोर्ड ने साफ किया है कि मौजूदा 10वीं के स्टूडेंट्स पर थ्री लैंग्वेज पॉलिसी लागू नहीं होगी। वहीं, अभी 7वीं, 8वीं और 9वीं में पढ़ रहे स्टूडेंट्स को 10वीं में पहुंचने पर तीसरी भाषा का बोर्ड एग्जाम नहीं देना होगा।

### उद्धव ठाकरे ने भाजपा को 'बाबर जनता पार्टी' बताया

- कहा- 6 बागी सांसदों की सदस्यता रद्द हो



**धाराशिव/परभणी (एजेंसी)।** शिवसेना (बीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पार्टी से बागी 6 सांसदों की सदस्यता रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा, 'अगर देश में कानून का राज है तो इन सांसदों को अयोग्य ठहराया जाना चाहिए। ये सांसद विकास के लिए नहीं, बल्कि अपने स्वार्थ के लिए गए हैं।' उद्धव ने राम मंदिर में चढ़ावा चोरी पर भाजपा का 'बाबर जनता पार्टी' बताया। उन्होंने कहा, 'बाबर ने राम मंदिर तोड़ा था।

# 'ब्रेकफास्ट और डिनर में राख खाओ'

- एक अजब सलाह और 10 दिन में घर के 5 लोगों ने गंवा दी जान

**मेदिनीनगर (एजेंसी)।** झारखंड के पलामू जिले में 10 दिनों के भीतर एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत के मामले में शुरुआती जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, बीमार होने पर परिवार के लोग नियमित चिकित्सा के बजाय झाड़-फूंक पर भरोसा कर रहे थे और कथित तौर पर ओझा के कहने पर राख का सेवन कर रहे थे।

**ओझा की करतूत ने ले ली 5 लोगों की जान!-** डॉक्टरों को आशंका है कि इसी वजह से उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती गई। हालांकि, मौत के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए विसरा और अन्य नमूनों की जांच कराई जा रही है। यह मामला पड़वा प्रखंड के सिक्का गांव का है।

**ओझा ने दी थी राख खाने की सलाह-** जानकारी के अनुसार, परिवार के मुखिया कुलदीप महतो की 19 जून को मौत हुई थी। अगले दिन उनकी बेटी ने भी दम तोड़ दिया। इसके बाद परिवार के अन्य सदस्य इलाज के साथ-साथ लेस्लीगंज के पूर्णाडीह इलाके में झाड़-फूंक कराने जाते रहे। इसी दौरान कथित तौर पर वे राख का भी सेवन करते रहे। इसके बाद 26 जून को कुलदीप महतो की दूसरी



बेटी इंदु कुमारी की मौत हो गई। 28 जून को बहू श्वेता कुमारी और 29 जून को बेटे नकुल महतो की भी इलाज के दौरान रांची स्थित रिम्स में मौत हो गई।

**10 दिन में परिवार के 5 लोगों की मौत-** इस तरह दस दिनों के भीतर परिवार के पांच सदस्यों की जान चली गई।

परिवार के तीन अन्य सदस्य, जिनमें कुलदीप महतो की पत्नी लाखो देवी, एक बेटा और एक पोता शामिल हैं, फिलहाल रिम्स में भर्ती हैं। चिकित्सकों के अनुसार, सभी मरीजों में शरीर में सूजन आने के बाद हालत तेजी से बिगड़ने की शिकायत सामने आई है।

### जांच के लिए भेजे गए सैम्पल

पलामू के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि परिवार के लोगों को कई बार अस्पताल में उपचार कराने की सलाह दी गई थी, लेकिन वे चिकित्सा के साथ झाड़-फूंक का भी सहारा लेते रहे। राख खाने की जानकारी मिलने के बाद उसके नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में सभी मृतकों का विसरा सुरक्षित रख लिया गया है और उसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा।

# 30 साल पुराना यमुना जल विवाद सुलझा

- अमित शाह की मौजूदगी में समझौता, हरियाणा के साथ अब राजस्थान को भी मिलेगा पानी

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में सोमवार को नई दिल्ली में यमुना जल परियोजना के निर्माण और कार्यान्वयन के संबंध में हरियाणा सरकार और राजस्थान सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर हुए।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल की मौजूदगी में हुए इस समझौते के अंतर्गत हरियाणा व राजस्थान के लोगों की पानी से जुड़ी लगभग तीन दशक पुरानी समस्या का समाधान हो गया है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह समझौता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए सहकारी संघवाद के मंत्र का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। दोनों राज्यों के बीच हुआ जल समझौता इस बात का उदाहरण है कि अगर राज्य सहकारी संघवाद की सोच को आगे बढ़ाएं तो तीन दशक पुरानी समस्या भी सरलता से सुलझ सकती है।

# दिल्ली में नई इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी 2026 लॉन्च

- ईवी खरीद पर 100 प्रतिशत रोड टैक्स माफ, टू-व्हीलर पर 30,000 रुपये का लाभ
- दो, तीन, चार पहिया वाहन शामिल, प्रदूषण घटाना लक्ष्यः सीएम रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में नई इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) पॉलिसी 2026 लॉन्च हो गई है। इसे 1 जुलाई 2026 से लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि ईवी नीति को कैबिनेट से मंजूरी दे दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा दिल्ली के लिए बहुत ही बड़ा दिन है। यह नीति 31 मार्च 2030 तक लागू रहेगी। 1 जुलाई से लागू करने का प्रयास हो रहा है। सीएम ने कहा कि पूरे देश में दिल्ली एकमात्र से राज्य है जो ईवी पर सबसे अधिक सब्सिडी अन्य सुविधाएं



देता है। ईवी नीति में दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया, ग्रामीण सेवा आदि को शामिल किया गया है।

- राम मंदिर चंदा चोरी केस

# सभी आरोपी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**अयोध्या/लखनऊ (एजेंसी)।** अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले में पूर्व पदाधिकारियों चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव से पूछताछ की गई। उनके बयान दर्ज किए गए। इसके बाद चंपत राय दिल्ली चले गए।

इस बीच मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। वकील अनूप अवस्थी की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार करते हुए कोर्ट ने पूछा कि इतनी जल्दी क्या है। छुट्टियों के बाद ही मामला सुना जाएगा।

इधर, पुलिस सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे जेल में बंद 8 आरोपियों के खाते खंगालने के लिए सीबीआई की अयोध्या



धाम ब्रांच पहुंची। 7 आरोपियों के खाते इसी ब्रांच में हैं। पुलिस ने बैंक स्टेटमेंट लिए। अब यह जांच की जाएगी कि मंदिर में नौकरी के बाद से उनके खातों में कितना पैसा आया। पुलिस ने बैंक के 2 कर्मचारियों को भी नोटिस दिया है।

इस बीच, सभी 8 आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया।

**आरोपियों का केस कोई भी वकील नहीं लड़ेगा-** हालांकि, इससे पहले ही अयोध्या के वकीलों ने बड़ी बैठक की। इसमें फैसला लिया कि चढ़ावा चोरी के आरोपियों का केस कोई भी वकील नहीं लड़ेगा। साथ ही, चंपत राय, गोपाल राव और अनिल मिश्रा के अयोध्या छोड़ने की मांग की। नहीं छोड़ने पर आंदोलन की चेतावनी दी। वहीं अयोध्या बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र ने कहा- जांच के तहत चंपत राय, गोपाल राव और अनिल मिश्र को अयोध्या छोड़ने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए।

**सभी 8 आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत, पुलिस ने रिमांड नहीं मांगी-** कोर्ट में राम मंदिर चढ़ावा चोरी के सभी आरोपियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। मामले की 30 मिनट तक सुनवाई चली। पुलिस ने कोर्ट से रिमांड की मांग ही नहीं की। इसके बाद कोर्ट ने सभी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अगली सुनवाई 13 जुलाई को होगी। तब तक आरोपी जेल में ही रहेंगे।

सीने पर डिंपल यादव का टैटू दिखाते हुए अखिलेश यादव से बोला सपा समर्थक

# 'आपने भाभी से मिलवाने का वादा किया था'

**आजमगढ़ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले का एक वीडियो सोशल मीडिया में काफी तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव को कुछ समर्थकों ने रोक लिया। समर्थक ने शर्ट के बटन खोले और सीने पर गुदवाया मैनपुरी सांसद डिंपल यादव का टैटू दिखाने पहुंच गया। टैटू दिखाते हुए समर्थक ने अखिलेश यादव से कहा कि आपने भाभी जी से मिलवाने का वादा किया था। आप उनसे कब मिलवा रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो तीन से चार दिन पुराना है।

मिली जानकारी के अनुसार, तीन से चार दिन पहले अखिलेश यादव आजमगढ़ में एक शादी समारोह में पहुंचे थे। जैसे ही सपा मुखिया अखिलेश यादव के आने की समर्थकों को लगी, वैसे ही बड़ी संख्या में सपा



समर्थक उनसे मिलने के लिए पहुंच गए। समर्थक ने शर्ट का बटन खोलकर डिंपल यादव का टैटू अखिलेश यादव को दिखाया।

**मुस्कुराते हुए आगे बढ़ गए-** डिंपल यादव का टैटू दिखाते हुए समर्थक अखिलेश यादव से बोला कि आपने भाभी मां से मिलवाने का वादा किया था। समर्थक की बात सुनकर अखिलेश यादव मुस्कुराने लगे और समर्थकों से बातचीत करने के बाद चले गए। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया में काफी तेजी से वायरल हो रहा है।

# छुट्टियां खत्म, स्कूल खुला और गिर गई छत

लोग बोले- शिक्षा मंत्री जी, अगर बच्चे अंदर होते तो क्या होता

**बीकानेर (एजेंसी)।** राजस्थान के बीकानेर जिले के श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र से एक बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां एक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल) के कमरे की छत भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि यह हादसा गर्मियों की छुट्टियों के दौरान हुआ, जिससे उस समय कमरे में बच्चे मौजूद नहीं थे। इसके चलते एक बड़ा हादसा होने से टल गया। सोमवार को गर्मियों की छुट्टियां खत्म होने के बाद जब स्कूल स्टाफ परिसर पहुंचा तो यहां कमरों के ताले खोले, तब इस घटना का पता चला।



**फर्नीचर चकनाचूर, पूरे भवन पर मंडराया खतरा-** स्कूल प्रबंधन की ओर से बताया गया है कि सोमवार सुबह जब स्टाफ कक्षाओं के ताले खोलने पहुंचा, तो कक्षा संख्या-7 की छत की 10 पट्टियां टूटी हुई नीचे गिरी मिलीं। छत का भारी-भरकम मलबा नीचे रखी टेबलों और कुर्सियों पर गिरने से स्कूल का फर्नीचर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### एक भी क्लास बच्चों के बैठने लायक नहीं

चौंकाने वाली बात यह है कि खतरा सिर्फ इस एक कमरे तक सीमित नहीं है। बताया जा रहा है कि स्कूल का पूरा भवन बेहद जर्जर हो चुका है। अन्य कमरों की छत की पट्टियां भी अपनी जगह छोड़ चुकी हैं। दीवारों व छतों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं। वर्तमान में स्थिति इतनी भयावह है कि स्कूल का एक भी कक्ष बच्चों को बैठाकर सुरक्षित रूप से पढ़ाई कराने के लायक नहीं बचा है।

# 300 मीटर लंबा लोहे का पुल बहा, 3 लोगों की मौत, सिक्किम में नदियां उफान पर, पुल टूटा

असम, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में बाढ़ जैसे हालात






**गुवाहाटी/जयपुर/लखनऊ/पटना/भोपाल (एजेंसी)।** देश के पूर्वी राज्यों असम, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में भारी बारिश हो रही है। तीनों राज्यों में बाढ़ जैसे हालात हैं। अरुणाचल प्रदेश में बारिश और लैंडस्लाइड की घटना में तीन की मौत हो गई।

वहीं असम के ढेमाजी जिले में केमी नदी में आई भीषण बाढ़ के कारण 300 मीटर लंबा लोहे का पुल बह गया। पुल के बहने से केमी-पुराना जेलोम क्षेत्र का जोनाई सदर से सड़क संपर्क पूरी तरह टूट गया है। सिक्किम में जोंगू क्षेत्र में फी खोला नदी पर बना बेली ब्रिज बह गया।

देश के 6 राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के कई इलाकों में प्री-मानसून बारिश जारी है। हालांकि, सात राज्यों में तेज गर्मी पड़ रही है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा में पारा 43 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया।

मानसून ने देश के 22 राज्यों को कवर कर लिया है। 5 जुलाई तक बाकी राज्यों को कवर कर सकता है। यूपी में मानसून 9 दिन लेट है। यह आमतौर पर 20 जून तक आ जाता है, लेकिन इस बार 16 दिनों से बिहार बॉर्डर पर रुका हुआ है। यह आज बिहार बॉर्डर से प्रदेश में एंट्री कर सकता है।

### 22 राज्यों तक पहुंचे मानसून की रफ्तार धीमी पड़ी, 6 राज्यों में प्री-मानसून बारिश जारी

मानसून ने 24 जून तक देश के 22 राज्यों को कवर कर लिया है, लेकिन बीते 5 दिन से इसकी रफ्तार धीमी पड़ी है। यह मध्य प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश के कई क्षेत्रों में आगे नहीं बढ़ पा रहा है।




मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून 5 जुलाई तक बाकी राज्यों को कवर कर सकता है। 6 राज्यों मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के कई इलाकों में प्री-मानसून बारिश जारी है। विभाग ने असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल के निचले इलाकों और सिक्किम में आज तेज बारिश और कुछ जगहों के लिए बहुत तेज बारिश की चेतावनी जारी की है। मध्य प्रदेश में बड़वानी के सेंधवा में उफनाए पुल पार करते समय एक ट्रैक्टर और उसका ड्राइवर बह गया। ड्राइवर अभी भी लापता है। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में बारिश से कच्चे मकान की एक दीवार ढह गई, हादसे में 2 बच्चियों की मौत हो गई। सुकमा के गांव में बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई, 4 अन्य घायल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नेशनल हाईवे पर बस-ट्रैक्टर टक्कर में 4 मजदूर घायल ओवरटेक करने की कोशिश में एक्सीडेंट, 2 रेफर

**हाजीपुर।** वैशाली में हाजीपुर-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग NH 22 पर हरसेर गांव के पास एक यात्री बस और सीमेंट लदे ट्रैक्टर के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में ट्रैक्टर सवार चार मजदूर घायल हो गए। गरौल पुलिस ने सभी घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार, दोनों वाहन हाजीपुर की ओर से मुजफ्फरपुर जा रहे थे। यात्री बस ने तेज रफ्तार में आगे चल रहे ट्रैक्टर को ओवरटेक करने की कोशिश की, जिससे यह टक्कर हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सड़क पर ट्रैक्टर से लदे सीमेंट के पैकेट बिखर गए। हादसे की सूचना मिलते ही गरौल पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने यात्री बस और ट्रैक्टर दोनों को जब्त कर लिया। दुर्घटना के कारण बाधित हुए NH 22 को खाली कराया गया, जिसके बाद आवागमन सामान्य हो सका। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरौल के डॉ. संजय कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में चार लोग घायल हुए थे। प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को हड्डी फ्रैक्चर की आशंका के चलते बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी घायल खतरे से बाहर हैं और दो अन्य घायलों का इलाज गरौल में ही चल रहा है। घायलों की पहचान राहुल, विजय, प्रमोद और अभिषेक के रूप में हुई है।

### ट्रेन में पर्स चोरी का खुलासा, 4 गिरफ्तार, हाजीपुर पुलिस ने मोबाइल और सोना बरामद किया

**हाजीपुर।** हाजीपुर रेल पुलिस ने ट्रेन में हुई पर्स चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी का मोबाइल फोन और 7.2 ग्राम सोना भी बरामद किया है। यह कार्रवाई रेल थाना कांड संख्या 77/26 के तहत की गई। बीते 23 अप्रैल को यात्री किरण सिंह का ट्रेन संख्या 04168 की S5 बोगी से पर्स चोरी हो गया था। पर्स में ओप्पो कंपनी का मोबाइल, मंगलसूत्र, कान का कुंडल, चांदी का बिछिया और 10,000 रुपये नकद शामिल थे। अनुसंधान के दौरान, तकनीकी साक्ष्य के आधार पर चोरी हुए मोबाइल का एसडीआर (सब्सक्राइबर डिटेल रिकॉर्ड) गरीबन पासवान (38 वर्ष, पिता- स्व. शिव वचन पासवान, निवासी हिलालपुर, वार्ड-03, थाना औद्योगिक, जिला वैशाली) के नाम पर आया। पुलिस ने छापेमारी कर गरीबन को नोटिस दिया, जिसके बाद उसने थाने में आकर मोबाइल प्रस्तुत किया।



पूछताछ में गरीबन ने बताया कि उसने यह मोबाइल चंदन दास (40 वर्ष, पिता- लालदेव दास, निवासी हिलालपुर, वार्ड-03, थाना औद्योगिक, जिला वैशाली) से 2500 रुपये में खरीदा था। चंदन दास से पूछताछ करने पर पता चला कि उसे यह मोबाइल अनमोल दास (32 वर्ष, पिता- उमा शंकर दास, निवासी चक बिजगानी, दिग्गी कला, थाना सदर, जिला वैशाली) ने दिया था। अनमोल मोबाइल बेचने के बदले चंदन को 200 रुपये नकद देता था। अनमोल दास के ठिकाने पर छापेमारी की गई, जहां उसने चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। उसने बताया कि चोरी का सोना उसने सोनार अमरमित कुमार (पिता- त्रिभुवन साह, निवासी रतनपुरा, वार्ड-10, थाना भगवानपुर, जिला वैशाली) को 75,000 रुपये में बेचा था, जबकि मोबाइल चंदन दास के माध्यम से बिकवाया था। सोनार अमरमित कुमार के यहां छापेमारी करने पर उसने भी अनमोल दास से सोना खरीदने और उसके बदले 75,000 रुपये नकद देने की बात कबूल की। सोनार ने 7.2 ग्राम सोना पुलिस को सौंप दिया। इसके बाद विधिवत जब्ती सूची बनाकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जीआरपी ने इस मामले में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस छापेमारी टीम में रेल थाना हाजीपुर के थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, सब इंस्पेक्टर आरिफ अली, एसआई अमृता कुमारी, सिपाही कृष्ण कुमार, राम प्रवेश कुमार, अर्जुन कुमार, जय प्रकाश कुमार और चालक सिपाही राजीव कुमार रंजन शामिल थे।

### कार की टक्कर से दो साइकिल सवार गंभीर घायल, रोड क्रॉस करते समय एक्सीडेंट

**हाजीपुर।** हाजीपुर-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग पर रविवार को एकारा के समीप एक सड़क हादसे में दो साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार बोलेरो ने सड़क पार कर रहे इन दोनों व्यक्तियों को टक्कर मार दी। घायलों की पहचान काजीपुर थाना क्षेत्र के अब्दुलपुर धोबघट्टी निवासी बेचू राय (पिता भगेरु राय) और पंछी राय के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दोनों अपनी साइकिल के साथ पैदल सड़क पार कर रहे थे, तभी मुजफ्फरपुर की ओर से आ रही



एक अनियंत्रित बोलेरो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों की नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### पत्नी से अवैध संबंध के शक में भाई का मर्डर, पत्थर से सिर कूचकर उतारा मौत के घाट, आरोपी छोटा भाई अरेस्ट

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के मुशहरी थाना क्षेत्र के नवादा गांव में रविवार की सुबह पारिवारिक, भूमि विवाद और अवैध संबंध के शक ने एक परिवार को तबाह कर दिया। छोटे भाई ने अपनी पत्नी और बड़े भाई के बीच अवैध संबंध होने के शक में मंझली भाभी के साथ मिलकर संतोष महतो (48) की आटा पीसने वाले जाता (पत्थर) से सिर कूचकर हत्या कर दी। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी छोटे भाई अशोक महतो और मंझले भाई की पत्नी बिंदु देवी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस दोनों से पूछताछ कर हत्या के पीछे की वास्तविक वजह की जांच कर रही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार शनिवार रात भूमि विवाद और आपसी कहासुनी को लेकर दोनों भाइयों के बीच जमकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद संतोष महतो घर के बाहर लगी बेंच पर सो गए। आरोप है कि रात में ही हत्या की साजिश रची गई। रविवार सुबह तड़के अशोक महतो और बिंदु देवी ने मिलकर दरवाजे पर रखे आटा पीसने वाले भारी जाता से संतोष के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर एसडीपीओ सकरा-2 मनोज कुमार सिंह, मुशहरी थानाध्यक्ष सुबोध कुमार मेहता मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए। हत्या में इस्तेमाल जाता समेत अन्य साक्ष्यों को जब्त कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया गया। मृतक की पत्नी के बयान पर अशोक महतो और बिंदु देवी के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि अशोक महतो को अपनी पत्नी और बड़े भाई संतोष महतो के बीच अवैध संबंध होने का शक था। इसी बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच अक्सर विवाद होता था। वहीं, गांव में यह चर्चा भी है कि करीब दो वर्ष पहले मंझले भाई विनोद महतो की मौत के बाद उसकी पत्नी बिंदु देवी और अशोक महतो के बीच भी नजदीकियां बढ़ गई थीं, जिसका संतोष महतो विरोध करता था। पुलिस इन सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है। परिजनों के अनुसार संतोष महतो हलवाई का काम करते थे। पत्नी से किसी बात को लेकर नाराजगी के बाद वह पिछले करीब डेढ़ महीने से गांव में रह रहे थे, जबकि उनकी पत्नी शहर के अखाड़ाघाट स्थित कर्पूरी नगर में रहती हैं। परिवार में चार बेटियां और एक बेटा है। तीन बेटियों की शादी हो चुकी है। घटना के बाद पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है। एसडीपीओ सकरा-2 मनोज कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक विवाद, भूमि विवाद और आपसी रंजिश से जुड़ा प्रतीत होता है। हत्या के आरोप में छोटे भाई अशोक महतो और बिंदु देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एफएसएल की मदद से साक्ष्य जुटाए गए हैं। पूछताछ के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस हत्या के पीछे की वास्तविक वजह और पूरे घटनाक्रम की हर पहलू से जांच कर रही है।

# 15 जिलों में आंधी के साथ तेज बारिश, मंदिर पर गिरी बिजली

एजेंसी, पटना



**मंदिर का गुंबद टूटा अंदर मौजूद 25 श्रद्धालु बाल-बाल बचे**

बिहार में मानसून एक्टिव है। सोमवार को बांका, बेतिया, बगहा, कटिहार, खगड़िया, छपरा, रोहतास, कैमूर, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, आरा, सहरसा, मधुबनी और बक्सर में सुबह बारिश हुई। दरभंगा में पिछले डेढ़ घंटे से तेज बारिश हो रही है। जिले के होरलपट्टी गांव में जलेश्वरनाथ महादेव मंदिर के गुंबद पर आकाशीय बिजली गिरने से अफरा-तफरी मच गई। घटना के वक्त मंदिर में करीब 25 श्रद्धालु पूजा कर रहे थे। राहत की बात है कि सभी श्रद्धालु बाल-बाल बच गए।


वहीं, पटना में कई दिनों के बाद मौसम बदला है। राजधानी में सुबह तेज धूप के बाद अचानक काले बादल छा गए। दिन में अंधेरा छा गया है। तेज हवा के चलते गर्मी से राहत मिली। वहीं पटना के कुछ इलाकों में बारिश भी हुई। मौसम विभाग की माने तो 30 जून से बारिश की गतिविधियां तेज होंगी। 1 जुलाई से राज्य में झमाझम बारिश होने की संभावना है। इस बीच मौसम विभाग ने आज 25 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के आंकड़े के मुताबिक, 38 में से 6 जिलों में ही सामान्य या उससे अधिक बरसात हुई है। 18 जिलों में 50 प्रतिशत से कम बारिश हुई है।

**दरभंगा में मंदिर पर गिरी बिजली, गुंबद टूटा:** दरभंगा के होरलपट्टी गांव में जलेश्वरनाथ महादेव मंदिर के गुंबद पर आकाशीय बिजली गिरने से अफरा-तफरी मच गई। घटना के वक्त मंदिर में करीब 25 श्रद्धालु पूजा कर रहे थे। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई भी श्रद्धालु घायल नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज बारिश, बादल गरजने और खराब मौसम के बीच अचानक मंदिर के गुंबद पर आकाशीय बिजली गिरी। इससे मंदिर के ऊपरी हिस्से को नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की भीड़ मंदिर परिसर में जुट गई।

**बीते 24 घंटे में किस जिले में कितना तापमान रहा:** बीते दिन यानी रविवार को खगड़िया, जमुई और नालंदा में बारिश हुई, जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिली। पटना में सुबह-सुबह बादल छाए रहे। हल्की बारिश भी हुई, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही तेज धूप निकल आई। बगहा में तेज हवा चलने के कारण गर्मी से थोड़ी राहत मिली।

## पटना लॉ कॉलेज घाट पर नहाने के दौरान युवक डूबा

एजेंसी, पटना



पटना स्थित पटना लॉ कॉलेज घाट पर नहाने के दौरान एक युवक के डूबने की घटना सामने आई है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। युवक की तलाश के लिए बचाव अभियान जारी है। घटना के दौरान घाट पर मौजूद गंगा स्विमिंग क्लब के कुछ युवकों ने भी अपने स्तर पर युवक को बचाने की कोशिश की, लेकिन पानी अधिक गहरा होने के कारण वे सफल नहीं हो सके। सूचना के बाद NDRF की टीम मौके पर पहुंची और गंगा नदी में युवक की तलाश शुरू की। पिछले करीब एक घंटे से सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है, लेकिन अब तक युवक का पता नहीं चल सका है।

**तीन दोस्त आए थे नहाने, एक डूबा:** घाट पर मौजूद नगर निगम की कर्मी सुषमा देवी ने बताया, युवक गंगा नदी में स्नान करने के दौरान अचानक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही राहत और बचाव दल को मौके पर बुलाया गया। वहीं, युवक के दोस्तों ने बताया कि सत्यम खगड़िया का रहने वाला था।

थानेदार कमलेश कुमार ने बताया, 'तीन युवक सत्यम, नौवनीत, विशाल सुबह सुबह नहाने आए थे। इसी दौरान तेज बहाव होने के चलते डूबने लगें। विशाल और नवनीत किसी तरह से बच गए। लेकिन अलौली, खगड़िया के रहने वाले गंगा विष्णु केसरी के बेटे सत्यम कुमार तेज धार में बह गए। पुलिस अधिकारी ने आगे बताया, 'पटना में रहकर तीनों तैयारी करते हैं। फिलहाल सत्यम की खोजबीन जारी है, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया है।'

हादसे वाली घाट पर सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए स्थानीय थाना की पुलिस तैनात है। पुलिस और बचाव दल मिलकर पूरे इलाके में निगरानी कर रहे हैं। फिलहाल, युवक की पहचान और हादसे की परिस्थितियों को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है।

## दो कारों की टक्कर, रॉन्ग साइड से आ रही स्कॉर्पियो के चलते हादसा

एजेंसी, पटना



**राहगीरों ने घायलों को निकाला सभी खतरे से बाहर**

पटना के बिहटा-शिवाला मार्ग पर सोमवार सुबह सड़क हादसे में दो कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा नेउरा थाना क्षेत्र के पास हुआ, जिसमें दोनों वाहनों में सवार लोगों को मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद दोनों वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। इसके बाद घायलों को इलाज के लिए नजदीकी निजी अस्पताल भेजा गया। पुलिस के मुताबिक, सभी घायलों की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर है।

**टक्कर के बाद वाहनों में फंसे लोग:** जानकारी के मुताबिक, सोमवार सुबह एक स्कॉर्पियो दानापुर से बिहटा की ओर कथित रूप से गलत दिशा (रॉन्ग साइड) से आ रही थी। इसी दौरान सामने से बिहटा की ओर से दानापुर जा रही एक कार से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, स्कॉर्पियो तेज रफ्तार में थी और संतुलन बिगड़ने के बाद सामने से आ रही कार से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें बैठे लोग अंदर फंस गए। आसपास के लोगों ने काफी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकाला और नजदीकी निजी अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाकर यातायात सामान्य कराया। मामले में थानाप्रभारी जगदीप सिंह राणा ने बताया, नेउरा थाना से पहले पेट्रोल पंप के पास हादसा हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया गया।

# पटना के वेयर हाउस में आग, 20 फीट ऊंची लपटें, जेसीबी से दीवार तोड़कर अंदर घुसी टीम

एजेंसी, पटना



**फायर ब्रिगेड की 21 गाड़ियों ने पाया काबू**

पटना सिटी के महुली रोड पर एक वेयरहाउस में भीषण आग लग गई। आग की लपटें 20 फीट ऊंची थी। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड के कर्मियों को जेसीबी से दीवार तोड़कर अंदर जाना पड़ा। आग इतनी भयावह थी कि फायर ब्रिगेड की 21 गाड़ियों को मौके पर बुलाना पड़ा। घटना में डालडा, रिफाइंड और सरसों तेल सहित 50 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। घटना दीदारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत करमली चक इलाके की है।

**डायल 112 पर फोन नहीं लगा, फायर कंट्रोल को दी गई सूचना:** जानकारी के अनुसार, रविवार की रात करीब 12:30 बजे पड़ोस के गार्ड अजीत ने सबसे पहले गोदाम से धुआं उठते देखा। उन्होंने तत्काल वहां तैनात गार्ड को सूचना दी। तब तक आग की लपटें तेज हो चुकी थीं। गोदाम के गार्ड ने पहले डायल 112 पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कॉल नहीं लगने पर फायर कंट्रोल रूम 101 को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया।

**6 घंटे तक चला ऑपरेशन, 21 दमकल गाड़ियां लगीं:** जिला अग्निशमन पदाधिकारी रितेश पांडे ने बताया, 'रात करीब 1 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद लगातार फायर फाइटिंग ऑपरेशन चलाया गया। आग पर काबू पाने के लिए 21 छोटी-बड़ी दमकल गाड़ियों को लगाया गया।' फायर अधिकारी अजीत कुमार ने बताया, 'पटना और आसपास के फायर स्टेशनों से टीमों को बुलाया गया और करीब 6 घंटों की मशक्कत के बाद आग को आसपास के अन्य गोदामों तक फैलने से रोका गया है।' प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग की लपटें और धुएं का गुबार काफी दूर तक दिखाई दे रहा था। जिस गोदाम में आग लगी थी, उसके बगल में बैटरी का गोदाम भी था। तेज लपटों के कारण वहां भी आग पहुंच गई, जिससे राहत कार्य और चुनौतीपूर्ण हो गया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद गोदाम मालिक भी मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों से जानकारी ली। हालांकि आग लगने के कारणों को लेकर स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। फायर विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, लेकिन वास्तविक कारणों का पता विस्तृत जांच के बाद ही चल सकेगा। पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मामले की जांच कर रही है। गनीमत रही कि इस भीषण अग्निकांड में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। समय रहते दमकल टीम के पहुंचने से आग को आसपास के गोदामों और रिहायशी इलाकों में फैलने से रोक लिया गया।

# कच्ची-दरगाह गंगा घाट पर तीन महिलाएं डूबीं, नहाने के दौरान तेज धार में बहीं

एजेंसी, पटना



**नाविकों ने एक को बचाया एसडीआरएफ का रेस्क्यू जारी**

पटना जिले और वैशाली जिले के सीमावर्ती क्षेत्र स्थित कच्ची दरगाह गंगा घाट पर सोमवार की सुबह स्नान के दौरान तीन महिलाएं गहरे पानी में डूबने लगीं। घाट पर मौजूद स्थानीय लोगों ने फौरन एक महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन दो अन्य महिलाएं तेज बहाव में लापता हो गईं। घटनास्थल वैशाली जिले के रुस्तमपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है, लेकिन पटना के नदी थाना क्षेत्र से सीमा सटीक होने के कारण दोनों थानों की पुलिस संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी है। SDRF और स्थानीय गोताखोरों की मदद से लापता महिलाओं की तलाश की जा रही है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक शवों की बरामदगी नहीं हो सकी थी। वहीं, बचाई गई महिला का इलाज कच्ची दरगाह के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

**दो लापता महिलाओं की तलाश जारी, एक सुरक्षित:** परिवार के मुताबिक, कच्ची दरगाह निवासी विनय कुमार के घर रविवार को विवाह समारोह था। इस मांगलिक कार्य में शामिल होने के लिए कई रिश्तेदार आए हुए थे। सोमवार की सुबह करीब 6 बजे रिश्तेदारों में शामिल तीन महिलाएं घाट पर गंगा स्नान के लिए गई थीं। इसी दौरान ढलान पर पैर फिसलने से तीनों महिलाएं एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में गहरे पानी में डूबने लगीं। इनमें रायबाग निवासी मीना देवी (60 वर्ष), कालादीयर महाजी निवासी सरस्वती देवी (65 वर्ष) और उनकी बहू रंजीता देवी (32 वर्ष) शामिल थीं।

**स्थानीय लोगों ने एक महिला को बचाया, दो बही गईं:** महिलाओं को डूबता देख घाट पर मौजूद नाविकों और स्थानीय युवकों ने तुरंत नदी में छलांग लगा दी। काफी मशक्कत के बाद लोगों ने बहू रंजीता देवी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन मीना देवी और सरस्वती देवी देखते ही देखते तेज धार में ओझल हो गईं। अधिक पानी पीने के कारण रंजीता की स्थिति गंभीर बनी हुई थी, जिन्हें आनन-फानन में कच्ची दरगाह के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटनास्थल वैशाली के रुस्तमपुर थाना क्षेत्र में होने के कारण रुस्तमपुर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। वहीं, पटना सीमा से सटे होने की वजह से नदी थाने की पुलिस ने भी सहयोग कर रही है।

## रिशुश्री टेंडर मामला, आरजेडी सांसद सुधाकर सिंह के गंभीर आरोप

एजेंसी, पटना



राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के सांसद सुधाकर सिंह ने सोमवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रिशु श्री टेंडर मामले को लेकर बिहार सरकार और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आनंद किशोर समेत 9 आईएएस अधिकारियों को निशाने पर लेते हुए पूरे मामले की अदालत की निगरानी में जांच कराने की मांग की।

सुधाकर सिंह ने आरोप लगाया कि बिहार में शिक्षा विभाग में घोटालों की शुरुआत आनंद किशोर के कार्यकाल में हुई। उनका दावा है कि पिछले 10 वर्षों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने कहा, 'बिहार में पहले टॉपर घोटाला हुआ था और इस बार भी उसी तरह की गड़बड़ियां सामने आई हैं।' प्रेस कॉन्फ्रेंस में बक्सर सांसद ने आनंद किशोर पर बेहद गंभीर आरोप लगाए और उन्हें "सबसे बड़ा माफिया" बताया। उन्होंने दावा किया कि कथित रिशु श्री को सबसे पहला टेंडर आनंद किशोर ने ही दिया था। सुधाकर सिंह ने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव सचिव दीपक कुमार पर भी आरोप लगाया कि उनके संरक्षण में आनंद किशोर कथित घोटालों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आनंद किशोर समेत 9 आईएएस अधिकारी इस पूरे मामले के लिए जिम्मेदार हैं।

## राबड़ी ने फिर मांगी बंगले के सामान की लिस्ट, कहा- चीजों का मिलान जरूरी

एजेंसी, पटना



**आवास खाली करने के लिए 5 जुलाई तक वक्त मिले**

तेजस्वी यादव ने सोमवार को 10 सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी आवास खाली कर दिया है। अब वे 1 पोलो रोड स्थित अपने आवास में शिफ्ट हो गए हैं। बंगला खाली करने के नोटिस का आज आखिरी दिन है। इस बीच राबड़ी देवी के आप्त सचिव ने भवन निर्माण विभाग को लेटर लिखकर 5 जुलाई तक आवास खाली करने का वक्त मांगा है। 5 जुलाई को ही राजद का स्थापना दिवस भी है।

पूर्व सीएम राबड़ी देवी की ओर से जो भवन निर्माण विभाग को चिट्ठी लिखी गई है, उसमें कहा गया है कि विभाग की तरफ से चार्ज रजिस्टर उपलब्ध नहीं करवाया जा सका है। इस रजिस्टर में उन सभी सामानों की लिस्ट दर्ज है, जिन्हें इस बंगले में शिफ्ट होते वक्त राबड़ी देवी को उपलब्ध करवाया गया था। ये चार्ज रजिस्टर राबड़ी देवी को साल 2006 में उपलब्ध करवाया गया था। राबड़ी देवी ने इस लेटर के जरिए चार्ज रजिस्टर दोबारा से उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि सामानों के मिलान में किसी तरह का कन्फ्यूजन न हो। इधर, तेज प्रताप यादव राबड़ी आवास पहुंचे। जब मीडिया उनके पास पहुंची, तो उन्होंने खुद वीडियो बनाना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, "ये लोग सम्राट चौधरी के आदमी हैं। मेरी हत्या कराने की साजिश रच रहे हैं।"

# मोहल्ला क्लीनिक के तर्ज पर पटना में अर्बन हेल्थ सेंटर

एजेंसी, पटना



**स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार करेंगे उद्घाटन, गर्भवती महिलाओं की होगी फ्री जांच एंटी रेबीज वैक्सीन भी मिलेगी**

पटना में दिल्ली मॉडल के मोहल्ला क्लीनिक के तर्ज पर आज नए अर्बन हेल्थ सेंटर की सौगात मिलेगी। पटना का सबसे बड़ा और आधुनिक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आज चालू होगा। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार और नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा इसका उद्घाटन करेंगे। अर्बन हेल्थ सेंटर के सामान्य ओपीडी में मौसमी और सामान्य बीमारियों का फ्री इलाज किया जाएगा। साथ ही गर्भवती महिलाओं की जांच, टीकाकरण और सुरक्षित प्रसव संबंधी सलाह, बच्चों का टीकाकरण और नवजात शिशुओं की देखभाल आदि की सविधा भी मिलेगी। वार्ड 38 के दरियापुर भट्टी में बने इस केंद्र का लाभ उस इलाके के डेढ़ लाख लोगों को मिलेगा। यह केंद्र बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में आता है, जहां उपचुनाव होना है।

**80 प्रकार की दवाई फ्री में उपलब्ध कराई जाएगी:** वार्ड संख्या- 38 के पार्षद डॉ. आशीष सिन्हा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने यह डिसाइड किया है कि यह राज्य का पहला मॉडल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र होगा। यहां मरीजों का फ्री में इलाज होगा, 2 रुपये में रजिस्ट्रेशन होगा। हमारे यहां दो डॉक्टर बीमारी के इलाज के लिए उपलब्ध होंगे। जनरल फिजिशियन सहित ऑर्थोपेडिक्स, गाइनेकोलॉजिस्ट के भी डॉक्टर रहेंगे। आंख की बीमारी का भी फ्री में इलाज होगा और फ्री में ऑपरेशन की भी व्यवस्था होगी। जिनका यहां इलाज होगा उनका ASG आई हॉस्पिटल में निःशुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था होगी। 80 प्रकार की दवाई फ्री में उपलब्ध कराई जाएगी। सभी प्रकार के जांच भी निःशुल्क होंगे। OPD की सेवा सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक मिलेगी।

वार्ड संख्या- 38 के दरियापुर भट्टी रोड में दशकों से अतिक्रमित चार कट्ठा जमीन को मुक्त कराकर इस अस्पताल का निर्माण कराया गया है। पटना नगर निगम द्वारा NOC देने के बाद बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति के अंतर्गत BMSICL की ओर से 1.16 करोड़ रुपये की लागत से भवन को तैयार किया गया है। इस नए अर्बन हेल्थ सेंटर भवन में 12 कमरे, 6 शौचालय, एक बड़ा हॉल और आपातकालीन स्थिति के लिए 6 बेड की व्यवस्था की गई है। यहां जल्द ही पॉली क्लिनिक और हाइटेक अल्ट्रासाउंड की सुविधा बहाल होगी। इसके अलावा नेत्र जांच के लिए आधुनिक मशीनें और एंबुलेंस की व्यवस्था भी होगी। फिजियोथेरेपी विंग भी शुरू करने की योजना है। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत इस केंद्र के संचालन के लिए दो डॉक्टरों डॉ. केएम अंशिका और डॉ. निवेश कुमार के साथ नर्स और अन्य स्टाफ की नियुक्ति हो गई है। वार्ड 37, 39, 40 और 42 के लोग भी यहां इलाज करवा सकेंगे। वर्तमान में राज्यभर में करीब 148 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं, जिनमें से 33 पटना में हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जिलेभर में पुलिस का विशेष अभियान, विभिन्न थाना क्षेत्रों से 19 अभियुक्त गिरफ्तार

**बीएनएम@ मोतिहारी**। जिले में अपराध नियंत्रण और फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मोतिहारी पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कुल 19 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार पचपकड़ी थाना क्षेत्र में शराब कांड के एक पुरुष और एक महिला अभियुक्त के साथ शराब सेवन के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस प्रकार यहां कुल छह अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई। मधुबन थाना पुलिस ने हत्याकांड के एक अभियुक्त को दबोच लिया। बंजरिया थाना पुलिस ने वारंट के एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। वहीं मुफस्सिल थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के दो, पशु अधिनियम के एक, वारंट के एक तथा उत्पाद अधिनियम के एक अभियुक्त सहित कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। केसरिया थाना पुलिस ने न्यायालय द्वारा जारी इस्तेहार के दो तथा वारंट के चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कुल छह अभियुक्तों को न्यायिक प्रक्रिया के लिए भेजा। मोतिहारी पुलिस ने बताया कि जिले में अपराधियों और फरार वारंटियों के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस आगे भी सख्त कार्रवाई करती रहेगी।

### हत्या के चर्चित मामले में छह दोषियों को आजीवन कारावास, 33 हजार रुपये का अर्थदंड

**बीएनएम@ मोतिहारी**। हत्या के एक चर्चित मामले में न्यायालय ने छह अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही सभी पर कुल 33 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। यह फैसला मोतिहारी पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और चार्जशीट के आधार पर सुनाया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (द्वितीय), पूर्वी चंपारण, मोतिहारी की अदालत ने आदापुर थाना कांड संख्या-210/21 (एसटीआर संख्या-709/21) के त्वरित विचारण में यह निर्णय दिया। न्यायालय ने चंद्रमोहन सिंह, वीरेंद्र सिंह, चंदन सिंह, रंजन सिंह, सुरेंद्र सिंह तथा बिरेन्द्र सिंह को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और कुल 33 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। मामले में मोतिहारी पुलिस की प्रभावी विवेचना, वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्यों के संकलन तथा सुदृढ़ चार्जशीट के आधार पर अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में अपराध सिद्ध कराया। पुलिस ने कहा कि गंभीर अपराधों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और दोषियों को कानून के अनुसार सजा दिलाने के लिए वह पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

### वाहन जांच में चोरी की बाइक बरामद, नेपाल का एक आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम@ मोतिहारी**। जिले के महुआवा थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार महुआवा थाना क्षेत्र के सैनिक रोड से महुआवा चौक की ओर आ रहे एक संदिग्ध बाइक सवार को वाहन जांच के दौरान रोका गया। एचएचडी (HHD) मशीन से वाहन का सत्यापन करने पर मोटरसाइकिल चोरी की निकली। जांच में पता चला कि बरामद बाइक रामगढ़वा थाना कांड संख्या-312/26 से संबंधित चोरी की मोटरसाइकिल है। इस मामले में पुलिस ने साहिल अंसारी (पिता–स्वर्गीय वकील मियां), निवासी वीरगंज, थाना-परवानीपुर, जिला-परसा (नेपाल) को गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध महुआवा थाना कांड संख्या-121/26 दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मोतिहारी पुलिस ने बताया कि चोरी के वाहनों की बरामदगी तथा वाहन चोर गिरोहों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। जिले में नियमित वाहन जांच के माध्यम से अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### धनहा चेक पोस्ट से भारी मात्रा में कोडीन सिरप जब्त



**बीएनएम@ बगहा** : बिहार में शराबबंदी के बीच नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ उत्पाद विभाग ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। बगहा उत्पाद विभाग की टीम ने थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे धनहा चेक पोस्ट पर एक विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने एक 10 चक्का ट्रक से भारी मात्रा में कोडीन सिरप बरामद किया।जब्त खेप में कुल 83 पेटियां शामिल हैं, जिनमें लगभग 996 लीटर कोडीन सिरप है। बाजार में इसकी अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने ट्रक चालक चंचल सिंह (निवासीः मिल एरिया, रायबरेली, उत्तर प्रदेश) को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से सघन पूछताछ की जा रही है ताकि इस अवैध तस्करी के नेटवर्क और इसमें शामिल अन्य बड़े तस्करों की पहचान की जा सके।प्रारंभिक जांच में यह संकेत मिले हैं कि शराबबंदी का लाभ उठाकर तस्कर अब कोडीन सिरप को नशे के विकल्प के रूप में बिहार में खपा रहे हैं। नशे के आदी लोगों के बीच इसकी बढ़ती मांग का फायदा उठाकर तस्कर इसे ऊंचे दामों पर बेच रहे थे। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए अंतरराज्यीय नेटवर्क की कड़ी जांच कर रही है और इसे एक बड़ा कानूनन अपराध मानकर सख्त कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# कायस्थ शक्ति मोर्चा ने संगठन विस्तार, डिजिटल सशक्तिकरण एवं समाज हित में नेतृत्व सहयोग की दिशा में लिए महत्वपूर्ण निर्णय

बीएनएम@ मोतिहारी



कायस्थ शक्ति मोर्चा (के.एस.एम) की कोर समिति की बैठक शनिवार, 27 जून 2026 को डचमैन पोट्र्ज़, चौथी मंज़िल, स्पेक्ट्रम मेट्रो मॉल, गार्डेनिया गेटवे, सेक्टर-75, नोएडा में आयोजित की गई। उक्त बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने की। बैठक में संगठन के विज़न, राष्ट्रीय विस्तार, डिजिटल सशक्तिकरण, सदस्यता अभियान, चित्रगुप्त ज्ञान पुस्तकालय एवं कायस्थ हेरिटेज म्यूज़ियम परियोजना सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा एवं निर्णय लिए गए। कोर समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि संगठन शिक्षा, नेतृत्व, उद्यमिता, सेवा एवं विरासत संरक्षण के पाँच रणनीतिक स्तंभों को आधार बनाकर अपनी सभी गतिविधियों का संचालन करेगा। आगामी वर्षों के लिए चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाएगी। बैठक में समाज की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक धरोहर के संरक्षण हेतु 'चित्रगुप्त ज्ञान पुस्तकालय एवं कायस्थ हेरिटेज म्यूज़ियम' की स्थापना की दिशा में विस्तृत कॉन्सेप्ट नोट एवं परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का निर्णय लिया गया। साथ ही डिजिटल लाइब्रेरी, शोध केंद्र एवं सामुदायिक अभिलेखागार विकसित करने की पहल प्रारंभ की जाएगी। संगठन की कार्यप्रणाली को आधुनिक एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म एवं मोबाइल एप्लीकेशन विकसित करने पर सहमति व्यक्त की गई। यह मंच सदस्य पंजीकरण, संवाद, कार्यक्रम प्रबंधन एवं सूचना प्रसार को सशक्त बनाएगा। राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर संगठन के विस्तार तथा व्यापक सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लेते हुए युवाओं, पेशेवरों, उद्यमियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने के लिए विशेष रणनीति अपनाने पर बल दिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कायस्थ शक्ति मोर्चा समाज हित में जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे नेतृत्व को प्राथमिकता देगा तथा समाज कल्याण एवं सामुदायिक सशक्तिकरण के लिए कार्यरत राजनीतिक एवं सामाजिक नेतृत्व को वैचारिक, नैतिक एवं संगठनात्मक सहयोग प्रदान करेगा। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से ब्रज श्रीवास्तव को राष्ट्रीय मंत्री -सह- संचार प्रभारी मनोनीत किया गया। वे संगठन के आधिकारिक संचार, मीडिया समन्वय, डिजिटल उपस्थिति एवं जनसंपर्क गतिविधियों का नेतृत्व करेंगे। बैठक में अमित श्रीवास्तव संस्थापक अध्यक्ष, ऋषभ श्रीवास्तव सह संस्थापक अध्यक्ष, ब्रज श्रीवास्तव, सिद्धांत कृष्ण, रोहित वर्मा, हिमांशु सक्सेना, आदित्य श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव एवं रवि रंजन श्रीवास्तव सहित कोर समिति के सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने संगठन के विज़न, विस्तार योजना, डिजिटल सशक्तिकरण, सदस्यता अभियान, समाज हित एवं नेतृत्व सहयोग से संबंधित विषयों पर अपने सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए तथा लिए गए निर्णयों का सर्वसम्मति से समर्थन किया। बैठक का समापन इस संकल्प के साथ किया गया कि कायस्थ शक्ति मोर्चा ज्ञान, सेवा, नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण के मूल्यों को आधार बनाकर समाज को संगठित, सशक्त एवं नेतृत्वकारी भूमिका के लिए तैयार करेगा तथा समाज हित में कार्यरत व्यक्तियों एवं नेतृत्व को निरंतर सहयोग प्रदान करेगा।

## किराना दुकान से गांजा जैसा पदार्थ व नगद बरामद, एक गिरफ्तार

बीएनएम@ हरसिद्धि



नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हरसिद्धि थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के गायघाट चौक स्थित एक किराना दुकान पर छापेमारी कर 112 ग्राम गांजा जैसा पदार्थ और 4,780 रुपये नकद के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ध्रुव शाह, पिता रामनाथ शाह, निवासी उज्जैन लोहियार, थाना हरसिद्धि, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी अपनी किराना दुकान से नशीले पदार्थों का कारोबार कर रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी के दौरान पुलिस ने दुकान से गांजा जैसा पदार्थ और नकदी बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बरामद पदार्थ की जांच कराई जा रही है तथा मामले में अग्रेतर विधिक कार्रवाई जारी है। हरसिद्धि थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। किसी भी कीमत पर नशीले पदार्थों की तस्करी या बिक्री को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा आम लोगों से भी अपील की कि नशे से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार ध्रुव शाह का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके विरुद्ध हरसिद्धि थाना कांड संख्या 716/25, दिनांक 21 अक्टूबर 2025 में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 30(ए) तथा एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(b)(ii)(C), 23(C), 29, 25 एवं 22(ii)(B)(C) के तहत पूर्व से मामला दर्ज है। पुलिस उसके आपराधिक रिकॉर्ड को भी जांच में शामिल कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## मोतिहारी में सभी 46 वार्डों में नियमित सफाई अभियान जारी, नागरिकों से सहयोग की अपील

बीएनएम@ मोतिहारी



नगर निगम मोतिहारी की महापौर प्रीति कुमारी ने कहा है कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से नगर निगम क्षेत्र के सभी 46 वार्डों की गलियों, मोहल्लों, मुख्य सड़कों, सार्वजनिक स्थलों एवं अन्य क्षेत्रों में प्रतिदिन नियमित रूप से सफाई कार्य कराया जा रहा है। महापौर ने बताया कि बरसात के मौसम को देखते हुए मुख्य नालों एवं गली-मोहल्लों की नालियों की नियमित सफाई कराई जा रही है। वहीं, जलजमाव वाले क्षेत्रों में टैंकर एवं अन्य आवश्यक संसाधनों के माध्यम से जल निकासी की व्यवस्था भी की जा रही है, ताकि लोगों को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि सभी 46 वार्डों में सुचारू सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रत्येक वार्ड में 16 सफाई कर्मियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा, आवश्यकता के अनुसार नाला सफाई एवं विशेष सफाई कार्यों के लिए अतिरिक्त सफाई कर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति की जाती है। महापौर ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि नगर निगम बेहतर सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि कचरा केवल निर्धारित स्थानों पर ही डालें, गंदगी फैलाने से बचें तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था से संबंधित कोई समस्या या लापरवाही दिखाई देती है, तो नागरिक इसकी सूचना तत्काल नगर निगम कार्यालय को दें। प्राप्त शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए नगर निगम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

## भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच फाउंडेशन का कार्यकारिणी विस्तार, कई पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

बीएनएम@ मोतिहारी

भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने संगठन को अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियों की घोषणा की। संगठन ने इसे समाज में एकता, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और जनसेवा के कार्यों को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

**संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान-** राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने कहा कि नई कार्यकारिणी के गठन से संगठन की गतिविधियों का विस्तार होगा और समाजहित के कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सकेगा। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की गरिमा, अनुशासन और समाजसेवा की भावना के साथ पूरी निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया।



कार्यकारिणी विस्तार के तहत मणिकांत पाण्डेय को प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला संरक्षक, डॉ. नितेश कुमार को प्रदेश सचिव, अभिषेक कुमार सिंह को प्रदेश प्रवक्ता तथा आलोक चन्द्र (अधिवक्ता) को जिला अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा संजीव कुमार सिंह (पप्पू सिंह), ऋतुराज कश्यप (लड्डू सिंह), मुकेश मिश्रा, चन्दन सिंह, अंकेश ठाकुर, अवनीश ठाकुर, कृष्णा कश्यप, डॉ. गोविन्द गौरव, अभय ठाकुर, अंकित कुमार, कुणाल पाण्डेय, अर्जुन पाण्डेय सहित विभिन्न प्रकोष्ठों एवं प्रखंडों के कई पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए समाजहित, संगठन की मजबूती और राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में पूरी ईमानदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रामाकांत पाण्डेय, राजीव कुमार, मनोज कुमार सिंह, ईश्वर चन्द्र सिंह, श्याम पाण्डेय, मुकेश चौधरी, मुखिया राजू ठाकुर, राणा सिंह, संजय सिंह, सुशील कुमार सिंह, हिमांशु सिंह, सुधीर सिंह, उदयनाथ तिवारी, शेखर पाण्डेय (नगर पार्षद, चंडीगढ़), कुंदन कुमार सिंह सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिला मीडिया प्रभारी निखिल सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी।

## रामगढ़वा में आकाशीय बिजली का कहर, खेत में काम कर रहीं तीन महिलाएं झुलसीं

बीएनएम@ रामगढ़वा



प्रखंड क्षेत्र की अधकपरिया पंचायत के मुर्गियां टोला गांव में सोमवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से खेत में काम कर रही तीन महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गईं। घटना के बाद ग्रामीणों ने सभी को तत्काल रामगढ़वा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार दो महिलाओं की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार बासमती देवी (पति–अशोक महतो), मीरा देवी (पति–प्रहलाद महतो) और रंबा देवी (पति–वासदेव महतो) गांव के पश्चिम स्थित सरेह के खेत में फसल की सोहनी (निराई) कर रही थीं। सुबह करीब 9:30 बजे अचानक मौसम खराब हो गया। तेज बारिश और गरज-चमक के बीच हुए वज्रपात की चपेट में आकर तीनों महिलाएं अचेत होकर खेत में गिर पड़ीं। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और तीनों महिलाओं को रामगढ़वा पीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया, जहां दो महिलाओं की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है।

# महा स्वास्थ्य शिविर में 105 लोगों की हुई जांच; कई मरीजों का शुगर 500 के पार

बीएनएम@ रामगढ़वा




प्रखंड क्षेत्र के दुर्गा नगर खरकटवा स्थित राज हेल्थ केयर परिसर में सोमवार को आरोग्य चैरिटेबल ट्रस्ट, लक्ष्मीपुर (रक्सौल) की ओर से आयोजित निःशुल्क महा स्वास्थ्य जांच शिविर में 105 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर के दौरान कई लोगों में ब्लड शुगर का स्तर 400 से 500 mg/dL तक पाया गया। हैरानी की बात यह रही कि कई मरीजों को अपनी बीमारी की जानकारी तक नहीं थी। शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह, ट्रस्ट के संरक्षक एवं पूर्व सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र प्रसाद, पूर्व मुखिया संजय पांडेय तथा प्रमुख पति विशाल गुप्त ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। ट्रस्ट के सचिव एवं मेडिकल ऑफिसर डॉ. कुमार मनीष ने घोषणा की कि अब प्रत्येक सोमवार सुबह 8 बजे से 10 बजे तक इसी स्थान पर पूरे वर्ष निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हृदय रोगियों के लिए ईसीजी जांच तथा चिकित्सकीय परामर्श पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। डॉ. मनीष ने बताया कि "हर घर हो स्वस्थ, हर घर हो निरोग" अभियान के तहत इस वर्ष जिले में 150 से अधिक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट पिछले 15 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है और उसका उद्देश्य आर्थिक अभाव के कारण किसी भी व्यक्ति को इलाज से वंचित नहीं होने देना है। शिविर में 105 लोगों का रक्तचाप (बीपी) तथा 26 लोगों का ब्लड शुगर परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज को "साइलेंट किलर" बताते हुए लोगों को हार्ट अटैक, स्ट्रोक, किडनी फेल होने और आंखों की रोशनी जाने जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक किया। शिविर को सफल बनाने में कुणाल पंडित, चंदन कुमार, कन्हैया कुमार सहित स्थानीय लोगों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## मोतिहारी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स की 27वीं कार्यकारिणी की छठी बैठक सम्पन्न

बीएनएम@ मोतिहारी




मोतिहारी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स की 27वीं कार्यकारिणी की छठी बैठक स्थानीय बंजरिया पंडाल के एक होटल में चैंबर अध्यक्ष महेश सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सभा की शुरुआत महासचिव आलोक कुमार द्वारा गत बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट एवं विगत अवधि की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत कर की गई। कोषाध्यक्ष अनिल बोहरा ने आय-व्यय का विस्तृत विवरण सभा के समक्ष रखा। अपने अध्यक्षीय संबोधन में अध्यक्ष महेश सिन्हा ने कहा कि मोतिहारी चैंबर व्यवसायियों के हितों की रक्षा एवं उनके विकास हेतु सदैव प्रतिबद्ध रहा है तथा पूरे वर्ष व्यवसायिक हितों के लिए सक्रिय रूप से कार्य करता रहेगा। बैठक में आगामी 19 जुलाई 2026 को प्रस्तावित अर्द्धवार्षिक आम सभा सह बुजुर्ग व्यवसायी सम्मान समारोह को लेकर विशेष चर्चा हुई। कार्यक्रम संयोजक रवि कृष्ण लोहिया ने जानकारी दी कि इस अवसर पर ऐसे पाँच वरिष्ठ व्यवसायियों को सम्मानित किया जाएगा जो 50 वर्षों से अधिक समय से व्यापार क्षेत्र में सक्रिय हैं। सत्र 2026 की सदस्यता नवीनीकरण प्रक्रिया पर भी विस्तृत चर्चा हुई। जानकारी दी गई कि कुल 48 व्यवसायियों द्वारा अब तक सदस्यता नवीनीकरण शुल्क जमा नहीं किया गया है। निर्णय लिया गया कि ऐसे सदस्यों से अंतिम बार संपर्क एवं संवाद करने के उपरांत भी यदि सदस्यता शुल्क जमा नहीं किया जाता है तो उनकी सदस्यता समाप्त कर दी जाएगी। साथ ही यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि जो क्षेत्र प्रभारी अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं, उनके स्थान पर नए वरिष्ठ लोगों को दायित्व दिया जाएगा। बैठक के दौरान अध्यक्ष महेश सिन्हा ने सभी विभागीय प्रभारियों से कार्य प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की तथा कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में संयोजक मनीष कुमार, निर्वतमान अध्यक्ष अंगद सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल बोहरा, उपसचिव विनय देवकुलियार, पूर्व अध्यक्ष रवि कृष्ण लोहिया, संजय जायसवाल, सुधीर अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, सुरेश चंद्र, कार्यकारिणी सदस्य हेमंत कुमार, सुधांशु रंजन, अनिल अग्रवाल, चंदू मिश्रा, अरविन्द सर्राफ, सुनील कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभा के अंत में महासचिव आलोक कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई। उक्त जानकारी महासचिव सह मीडिया प्रभारी आलोक कुमार द्वारा दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रैक्टर चालक की गोली मारकर हत्या

**बंद पहाड़ में अवैध तरिके से ट्रैक्टर पर गिट्टी लोडिंग के लिए शुरू हुआ विवाद**



**बीएनएम@ शेखपुरा।** मटोखर गांव के समीप सोमवार देर शाम कारे गांव निवासी 30 वर्षीय युवक उत्तम कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना का मुख्य कारण मटोखर स्थित पहाड़ी में अवैध उत्खनन की गिट्टी ट्रैक्टर पर लोड करने को लेकर हुआ विवाद बताया जा रहा है। मृतक के दोस्त धर्मराज के अनुसार, विवाद उदय यादव के भांजे रोबिन और उत्तम के बीच शुरू हुआ था।विवाद के कुछ समय बाद, जब उत्तम अपने दोस्त धर्मराज के साथ बाइक से वापस कारे गांव लौट रहा था, तभी मटोखर निवासी उदय यादव, उसका भांजा रोबिन, सुलो यादव और दो-तीन अन्य अज्ञात लोगों ने हथियारों से लैस होकर उनका पीछा किया। हमलावरों ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें एक गोली उत्तम के दाहिने घुटने में लगी और जांघ को चीरती हुई निकल गई।गंभीर रूप से घायल उत्तम को उसके दोस्त तुरंत इलाज के लिए बाईपास स्थित एक निजी क्लिनिक ले गए, लेकिन वहां से मना किए जाने के बाद उसे सदर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उत्तम को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों का कहना है कि अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी जान गई। सूचना मिलते ही नगर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। दोस्त के बयान के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### सघन वाहन जांच अभियान से चालकों में हड़कंप



**बीएनएम@ शेखपुरा।** शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से सोमवार को नगर थाना पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया। नगर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में तीनमुहानी मोड़ के समीप दरोगा एवं पुलिस जवानों ने आने-जाने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की। अभियान के दौरान वाहनों के दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, नंबर प्लेट तथा संदिग्ध गतिविधियों की बारीकी से जांच की गई। अचानक हुई इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और कई लोग आवश्यक दस्तावेज दिखाते नजर आए। पुलिस ने यातायात नियमों का पालन करने और बिना वैध कागजात वाहन नहीं चलाने की हिदायत भी दी।

### चोरी गए मोबाइलों को वास्तविक धारकों को सौंपा




**बीएनएम@ गयाजी ।** गया पुलिस द्वार'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत जिले के सभी थाना, ओपी अन्तर्गत गुम हुए मोबाइल इत्यादि के सनहा दर्ज कराया गया। एसएसपी सुशील कुमार के निर्देशन में जिले के सभी थानों में टेक टीम का गठन किया गया। उक्त टीम के सदस्यों के द्वारा कुल 68 मोबाइल, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग बीस लाख पचास हजार रुपए है, बरामद किया गया। एसएसपी ने आज अपने कार्यालय में उनके वास्तविक धारकों को सौंपा। एसएसपी श्री कुमार ने आमजनों से अपील है कि चोरी या गुम हुए मोबाइल की शिकायत थानों के साथ-साथ सीईआईआर पोर्टल पर भी दर्ज करें, जिससे मोबाइल ट्रैक करने में आसानी हो सके।

### सिवान : कचहरी दुर्गा मंदिर से 6 लाख का सोने का हार चोरी

**चार घंटे में युवती गिरफ्तार, हार बरामद**

**बीएनएम@ सीवान।** सीवान के कचहरी स्थित प्रसिद्ध माँ दुर्गा मंदिर में प्रतिमा के गले से करीब 6 लाख रुपये मूल्य का सोने का हार चोरी होने की घटना सामने आई है। दिनदहाड़े हुई इस दुस्साहसिक चोरी से श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज चार घंटे के भीतर चोरी किए गए हार को बरामद कर एक युवती को गिरफ्तार कर लिया।घटना के अनुसार, दो युवतियां दर्शन के बहाने मंदिर पहुंची थीं। मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि एक युवती ने बड़ी चतुराई से माँ दुर्गा की प्रतिमा के गले से हार खींचा और बिना किसी हड़बड़ी के बाहर निकल गई। दूसरी युवती पर निगरानी रखने का संदेह है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल विशेष टीम गठित कर छापेमारी शुरू की।पुलिस की सक्रियता का परिणाम रहा कि महादेवा रोड इलाके से संदिग्ध युवती को दबोच लिया गया और चोरी किया गया हार भी बरामद कर लिया गया। पुलिस अब गिरफ्तार युवती से पूछताछ कर रही है ताकि घटना में शामिल दूसरी युवती और अन्य संभावित सहयोगियों की पहचान की जा सके। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और सीसीटीवी साक्ष्यों के आधार पर संलिप्त अन्य दोषियों के खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस त्वरित कार्रवाई ने मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उठे सवालों के बीच पुलिस की कार्यक्षमता पर लोगों का भरोसा फिर से कायम किया है।

### फरार आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम@ शेखपुरा।** करंडे थाना पुलिस ने पुलिस टीम पर हमले के मामले में पिछले लगभग एक साल से फरार चल रहे आरोपी सुरेश केवट को सियानी गांव से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान श्याम लाल केवट के पुत्र के रूप में हुई है। पुलिस कार्रवाई के दौरान उसे गांव के बधार क्षेत्र से पकड़ा गया। थाना पुलिस के अनुसार आरोपी पिछले एक वर्ष से मुंबई में छिपा हुआ था और करीब एक सप्ताह पहले ही अपने गांव लौटा था। गुप्त सूचना मिलने के बाद छापेमारी की गई, जिसका नेतृत्व थाना अध्यक्ष राकेश कुमार और एसआई ललित कुमार ने संयुक्त रूप से किया। यह मामला पिछले वर्ष का है, जब उत्पाद विभाग की पुलिस टीम सियानी गांव में शराब अड्डे पर छापेमारी करने पहुंची थी। उसी दौरान शराब कारोबारियों ने टीम पर हमला कर दिया था, जिसमें कुल 6 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

### ट्रेन में अधेड़ का शव मिलने से सनसनी

**बीएनएम@ शेखपुरा।** शेखपुरा रेलवे स्टेशन पर सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब किउल से गया जा रही मेमू फास्ट पैसेंजर ट्रेन के एक डिब्बे से एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद हुआ। ट्रेन के स्टेशन पहुंचने पर यात्रियों ने एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में देखा और इसकी सूचना तत्काल रेल अधिकारियों एवं रेल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद उसे मृत घोषित किया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तलाशी के दौरान मृतक के पास से बड़हिया से शेखपुरा तक का रेलवे टिकट मिला, लेकिन कोई पहचान पत्र नहीं मिलने से उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।

# महानवा बाजार के समीप टैंकर और बालू लदे ट्रक की आमने-सामने टक्कर, एक घंटे तक बाधित रहा आवागमन

**बीएनएम@ तुरकौलिया**





तुरकौलिया-छपवा मुख्य सड़क पर महानवा बाजार के समीप सोमवार को तेल टैंकर और बालू लदे ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना में एक चालक को अपेक्षाकृत अधिक चोटें आईं, जबकि दूसरे चालक को मामूली चोट लगी। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। टक्कर के बाद दोनों भारी वाहन सड़क पर ही फंस गए, जिससे मुख्य मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया। बाइक और साइकिल सवार किसी तरह निकल पा रहे थे, लेकिन तीन और चार पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्ग से होकर जाना पड़ा। करीब एक घंटे तक सड़क जाम की स्थिति बनी रही। घटना की सूचना ग्रामीणों ने डायल-112 और स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया। इसके बाद आवागमन सामान्य हो सका। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बालू लदा ट्रक तुरकौलिया से महानवा की ओर जा रहा था, जबकि विपरीत दिशा से एक तेल टैंकर आ रहा था। महानवा बाजार के पास दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे के बाद दोनों चालक वाहन से उतरकर वहां से चले गए। बताया जाता है कि बालू लदे ट्रक के चालक का एक निजी अस्पताल में इलाज कराया गया, जबकि टैंकर चालक को हल्की चोटें आईं। ग्रामीणों ने बताया कि टैंकर में तेल भरा हुआ था। यदि टक्कर और अधिक भीषण होती या टैंकर में आग लग जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। दुर्घटनास्थल के आसपास भुजा की दुकानें, होटल और अन्य प्रतिष्ठान थे, जहां आग जल रही थी। इससे लोगों की चिंता और बढ़ गई। जानकारी के अनुसार, बालू लदा ट्रक बिजुलपुर पंचायत के एक गांव का बताया जा रहा है, जबकि तेल टैंकर तुरकौलिया स्थित एक पेट्रोल पंप पर तेल खाली करने जा रहा था। प्रभारी थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही गश्ती दल को मौके पर भेजा गया था। क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात बहाल करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि आवेदन मिलने पर मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## सैटेलाइट टाउनशिप और लैंड पुलिंग नीति के खिलाफ किसानों ने भरी हुंकार

**बीएनएम@ गयाजी**

**गांधी मैदान से समाहरणालय तक निकला प्रतिवाद मार्च**




गया में सोमवार को अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले सैटेलाइट टाउनशिप परियोजना और लैंड पुलिंग नीति के विरोध में किसानों का एक बड़ा प्रतिवाद मार्च निकाला गया। दोपहर करीब 12 बजे गांधी मैदान से शुरू हुआ यह प्रदर्शन शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए समाहरणालय तक पहुँचा। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान, खेत मजदूर, महिलाएं और युवा कार्यकर्ता हाथों में बैनर-तख्तियां लेकर सरकार विरोधी नारेबाजी करते नजर आए।प्रदर्शनकारी किसानों का स्पष्ट आरोप है कि सरकार की प्रस्तावित सैटेलाइट टाउनशिप परियोजना और लैंड पुलिंग नीति उनकी उपजाऊ कृषि भूमि और आजीविका के लिए गंभीर खतरा है। किसानों ने कहा कि विकास के नाम पर उनकी जमीनों को हथियाने की कोशिश किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी सहमति के बिना कोई भी भूमि अधिग्रहण नीति लागू करना अलोकतांत्रिक है।समाहरणालय पहुँचकर किसानों ने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा। अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला सचिव बालेश्वर प्रसाद यादव ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इन नीतियों पर पुनर्विचार नहीं किया, तो आगामी दिनों में आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। उन्होंने इसे किसानों के अस्तित्व और अधिकारों की रक्षा की लड़ाई बताया। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस दौरान शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। यह प्रदर्शन सरकार की कृषि नीतियों के प्रति किसानों के बढ़ते आक्रोश को दर्शाता है।

## महिला किसानों को केंद्र में रखे बिना कृषि विकास संभव नहीं : डॉ. पी.एस. पांडेय

**» पूसा में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न**

**कृषि प्रसार सेवाओं को लिंग-संवेदी बनाने पर जोर**

**बीएनएम@ समस्तीपुर**




डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय (डीआरपीसीएयू), पूसा में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'कृषि-खाद्य प्रणालियों में महिलाओं की भूमिका को पुनर्परिभाषित करनाः सतत कृषि विकास के लिए विस्तार रणनीतियाँ' का समापन सोमवार को विद्यापति सभागार में हुआ। 27 से 29 जून तक चले इस आयोजन में विश्वविद्यालय और इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ एक्सटेंशन एजुकेशन (आईएनएसईई) के संयुक्त तत्वावधान में देशभर से 300 से अधिक वैज्ञानिकों, नीति-निर्माताओं और प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। सम्मेलन में 12 तकनीकी सत्रों, 86 शोध-पत्रों और 48 पोस्टर प्रदर्शनियों के माध्यम से कृषि प्रसार सेवाओं को लिंग-संवेदी बनाने पर गहन विचार-विमर्श हुआ।कुलपति डॉ. पी.एस. पांडेय ने इस पहल को कृषि क्षेत्र में बदलाव का संकल्प बताते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण का तात्पर्य केवल आय बढ़ाना नहीं, बल्कि उन्हें निर्णय लेने की क्षमता प्रदान कर सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना है। आईएनएसईई के अध्यक्ष प्रो. के. नारायण गौड़ा ने रेखांकित किया कि भारतीय कृषि की वास्तविक शक्ति महिला किसान हैं, किंतु मौजूदा प्रसार तंत्र उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं है। डॉ. उषा सिंह ने इन चुनौतियों के समाधान हेतु विभिन्न सरकारी विभागों, नाबार्ड और एग्री-स्टार्टअप के बीच समन्वित प्रयासों पर बल दिया। सम्मेलन में तैयार महत्वपूर्ण सिफारिशें कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नीति आयोग और सीएसीपी को भेजी जाएंगी। समापन सत्र में अधिष्ठाता डॉ. रामदत्त ने इन सिफारिशों को धरातल पर उतारने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराई। सांस्कृतिक संध्या के साथ संपन्न हुआ यह आयोजन भविष्य में महिला किसानों के लिए अधिक समावेशी कृषि नीति निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम है।

## पर्यावरण संरक्षण और समाजसेवा के लिए डॉ. अरुण कुमार गुप्ता अंतरराष्ट्रीय मानद डॉक्टरेट से सम्मानित

**बीएनएम@ रक्सौल**




पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए रक्सौल के पर्यावरणविद् एवं समाजसेवी डॉ. अरुण कुमार गुप्ता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित मानद डॉक्टरेट (ऑनरेरी डॉक्टरेट) की उपाधि से सम्मानित किया गया है। उन्हें रिपब्लिक ऑफ पेरू की अंतरराष्ट्रीय संस्था वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ द आर्ट्स, लिटरेचर, एजुकेशन, पीस एंड कल्चर द्वारा "ऑनरेरी डॉक्टरेट इन एजुकेशन विद अ फोकस ऑन इन्क्लूजन एंड ए कल्चर ऑफ पीस" की उपाधि प्रदान की गई। यह सम्मान समाज में समावेशिता, शांति, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा मानवीय मूल्यों के संवर्धन के लिए किए गए उनके निरंतर कार्यों के लिए प्रदान किया गया। संस्था द्वारा जारी प्रशस्ति-पत्र में डॉ. गुप्ता के सामाजिक सरोकारों, पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण और मानवता की सेवा में उनके योगदान की सराहना की गई है। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. अरुण कुमार गुप्ता ने कहा कि यह उपलब्धि केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत सभी सहयोगियों, स्वयंसेवकों और शुभचिंतकों का भी सम्मान है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों, परिवार, मित्रों तथा नीरूजा ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन के सभी सदस्यों और सहयोगियों को दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व की अनिवार्य आवश्यकता बन चुका है। यदि प्रत्येक व्यक्ति वृक्षारोपण, जल संरक्षण, स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। डॉ. गुप्ता ने इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ द आर्ट्स, लिटरेचर, एजुकेशन, पीस एंड कल्चर, रिपब्लिक ऑफ पेरू के संस्थापक, पदाधिकारियों एवं निर्णायक मंडल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें समाज, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। उन्होंने सभी नागरिकों से हरित, स्वच्छ और पर्यावरण-सुरक्षित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। डॉ. गुप्ता की इस उपलब्धि पर भारत विकास परिषद, रक्सौल के अध्यक्ष रजनीश प्रियदर्शी, लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के अध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी एवं भारत विकास परिषद के सेवा संयोजक बिमल सर्राफ, टेक्सटाइल्स चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के महासचिव आलोक श्रीवास्तव सहित अनेक सामाजिक एवं व्यावसायिक संगठनों के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अगलगी पीड़ित परिवारों से मिले विधायक



**» राहत सामग्री व मुआवजा चेक किया वितरित**

**बीएनएम@ समस्तीपुर**

पटोरी प्रखंड क्षेत्र के दरवा पंचायत के वार्ड संख्या-6 में हाल ही में हुई अगलगी की घटना से प्रभावित परिवारों से मिलने के लिए स्थानीय विधायक रणविजय साहू सोमवार को पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। इस दौरान विधायक ने प्रभावित परिवारों को अपने निजी कोष से राहत सामग्री उपलब्ध कराई। साथ ही सरकारी स्तर पर स्वीकृत मुआवजा राशि का चेक भी लाभार्थियों को सौंपा। मुआवजा प्राप्त करने वालों में महेश्वर राय, मुन्नी देवी तथा लाल बहादुर राय शामिल हैं। विधायक ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे पूरी तरह से प्रभावित परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी जरूरत की स्थिति में हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी और प्रशासनिक स्तर पर भी आवश्यक सहयोग सुनिश्चित कराया जाएगा। मौके पर नगर अध्यक्ष रामशंकर राय, प्रेमलाल आजाद, रणधीर यादव, जितेंद्र राय, देवानंद राय, ललन यादव, रामप्रवेश महतो, वकील साह सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## उत्तम कुमार हत्याकांड का खुलासा



**मुख्य आरोपी समेत दो गिरफ्तार**

**बीएनएम@ शेखपुरा**

शेखपुरा पुलिस ने कारे गांव निवासी उत्तम कुमार हत्याकांड का त्वरित खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी उदय यादव और उसके भांजे रवि कुमार उर्फ रॉबिन यादव को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही एसपी हिमांशु के निर्देशानुसार एक विशेष टीम गठित की गई थी।पुलिस ने छापेमारी के दौरान मटोखार रेलवे स्टेशन के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से एक अवैध देसी कट्टा भी बरामद हुआ है। गौरतलब है कि रविवार देर शाम सूरदासपुर-माटोखार मार्ग पर कारे पहाड़ के पास उत्तम कुमार को गोली मार दी गई थी, जिसकी इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गई थी। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि पकड़े गए आरोपियों का पूर्व में कोई आपराधिक इतिहास रहा है या नहीं। इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में फैली सनसनी के बाद पुलिस ने बड़ी राहत दी है।

## कबीर ने पाखंड और सामाजिक बुराइयों का किया विरोध : डॉ. सुधीर

**बीएनएम@ समस्तीपुर**

**बोचहा में प्रांतीय कबीर जयंती समारोह आयोजित, संतों ने दिया सत्य, प्रेम और सद्भाव का संदेश**




मोहिउद्दीन नगर प्रखंड के संतनगर बोचहा स्थित बाबा बसावन रोड पर सोमवार को प्रांतीय कबीर जयंती समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। महंत डॉ. सुधीर साहेब की अध्यक्षता और सोनपुर कबीर मठ के महंत अर्जुन साहेब के संचालन में आयोजित इस समारोह में संत कबीरदास के जीवन दर्शन और उनकी शिक्षाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. सुधीर साहेब ने कहा कि संत कबीर ने निडर होकर समाज में व्याप्त पाखंड, अंधविश्वास और कट्टर सांप्रदायिक ताकतों का विरोध किया। उन्होंने अपनी वाणी के माध्यम से न केवल सामाजिक-आध्यात्मिक चेतना का संचार किया, बल्कि मानवता, प्रेम और सद्भाव का मार्ग भी दिखाया। संतों ने इस बात पर जोर दिया कि आत्मज्ञान और परमात्मज्ञान के लिए सद्गुरु की कृपा अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि स्वयं के भीतर झांकना और आत्मचिंतन करना ही ईश्वर प्राप्ति का एकमात्र मार्ग है, जो आज के समय में भी अत्यंत प्रासंगिक है।इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य संतों और प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रामनारायण शास्त्री, महंत रामदास, महंत लखन दास, अर्जुन व्यास, विजय कुमार मिश्र और लीला दासिन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। कबीर साहेब के विचारों के प्रसार हेतु आयोजित यह समारोह भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ।

## अब कीमत चुकाने का वक्त

अमेरिका का मकसद एआई तकनीक में अपने करीब किसी को ना पहुंचने देना है। इस तरह वह फ्रंटियर एआई मॉडलों को राष्ट्रीय-सुरक्षा संपत्ति में बदल रहा है, जिन्हें अब तक वाणिज्यिक उत्पाद समझा जाता था। अमेरिका ने एंथ्रोपिक कंपनी के दो सबसे उन्नत एआई मॉडलों फेबल-5 और माइथोस-5 तक विदेशी नागरिकों की पहुंच रोक दी है। यह प्रतिबंध न केवल अमेरिका से बाहर मौजूद यूजर्स पर लागू हुआ है, बल्कि अमेरिका-वासी विदेशी नागरिक भी इन मॉडलों का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे, जिनमें खुद एंथ्रोपिक कंपनी के विदेशी कर्मचारी भी शामिल हैं। इसे अमेरिका सरकार की प्रतिमान बदल देने वाली कार्रवाई समझा गया है। स्पष्टतः इसे सिर्फ सेंसरशिप या साइबर सुरक्षा के जाने-पहचाने नजरिए से देखना उचित नहीं होगा। यहां अमेरिका ने प्रतिबंध सिर्फ अपने शत्रु या प्रतिद्वंद्वी देशों पर नहीं, बल्कि तमाम देशों के नागरिकों पर लगाई है, जिसमें उसके सहयोगी और दोस्त देश भी शामिल हैं। इसे रेखांकित किया जाना चाहिए कि एंथ्रोपिक कंपनी को आदेश देते वक्त डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने कारण वैश्विक एआई सुरक्षा को बढ़ावा देना, जिम्मेदार आविष्कार का समर्थन, या खुलापन वाले तकनीकी माहौल का निर्माण- नहीं बताया। बल्कि दो टूक कहा कि मकसद एआई के क्षेत्र में अमेरिका का वैश्विक प्रभुत्व बनाए रखना है। कहा कि ये कार्रवाई सुनिश्चित करेगी कि अमेरिका एआई आविष्कार में सबसे आगे बना रहे। कहा जा सकता है कि अमेरिकी सरकार की यह असामान्य रूप से ईमानदार भाषा है। यह बताती है कि उसके लिए मुद्दा सबसे नई तकनीक में अमेरिकी ताकत के करीब किसी को ना पहुंचने देना है। इस तरह अमेरिका सरकार ने अग्रणी (फ्रंटियर) एआई मॉडलों को राष्ट्रीय-सुरक्षा संपत्ति में बदलने की शुरुआत कर दी है, जिन्हें अब तक वाणिज्यिक उत्पाद समझा जाता था। भारत सहित दुनिया के बहुत से देशों की कंपनियों और संस्थाओं की समझ थी कि वे फीस चुका कर अमेरिका में विकसित हो रही नई तकनीक का फायदा उठाते रह सकेंगे। मगर अब साफ कर दिया गया है कि किस तकनीक की किस हद तक सेवा वे खरीद सकेंगे, यह अमेरिका सरकार तय करेगी। अब यह भारत जैसे देशों को सोचना है कि उनके सामने क्या विकल्प है और अमेरिकी तकनीक के भरोसे चलना कितना मुफीद है? सच यह है कि तकनीक संप्रभुता पर ध्यान देकर भारत ने अपने हितों से समझौता किया है। अब कीमत चुकाने का वक्त है।

# प्रधानमंत्री मोदी की विदेशी यात्राएँ भारत के लिए अर्थलाभदायक ?

**सौरभ वार्ष्णेय**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राएँ केवल औपचारिक कूटनीतिक कार्यक्रम नहीं रहीं, बल्कि उन्होंने भारत की वैश्विक पहचान, आर्थिक हितों और सामरिक प्रभाव को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का कार्य किया है। वर्ष 2014 में सत्ता संभालने के बाद से लेकर जून 2026 तक प्रधानमंत्री मोदी लगभग 100 विदेश यात्राएँ कर 78 देशों का दौरा कर चुके हैं। यह आँकड़ा स्वयं इस बात का प्रमाण है कि भारत ने बीते एक दशक में विश्व मंच पर अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राएँ पिछले एक दशक से भारतीय राजनीति और कूटनीति के केंद्र में रही हैं। समर्थकों के लिए ये यात्राएँ भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रतीक हैं, जबकि आलोचक इन्हें अत्यधिक प्रचार आधारित और महँगी कूटनीति मानते हैं। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या इन यात्राओं से वास्तव में भारत को ठोस लाभ मिला है?

भारत की विदेश नीति आज केवल सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापार, निवेश, ऊर्जा सुरक्षा, तकनीक, रक्षा सहयोग और वैश्विक प्रभाव बढ़ाने का माध्यम भी बन चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यकाल में अमेरिका, यूरोप, खाड़ी देशों, अफ्रीका तथा हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के साथ संबंधों को नई दिशा देने का प्रयास किया है। हाल की उनकी सेशेल्स हिंद महासागर में स्थित एक खूबसूरत द्वीपीय देश है। यात्रा भी समुद्री सुरक्षा, ब्लू इकोनॉमी और हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की रणनीतिक भूमिका को मजबूत करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इन यात्राओं का सबसे बड़ा लाभ आर्थिक क्षेत्र में दिखाई देता है।

वैश्विक कंपनियों के साथ संपर्क बढने से भारत में निवेश आकर्षित हुआ है। डिजिटल अर्थव्यवस्था, सेमीकंडक्टर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और विनिर्माण क्षेत्र में भारत को नई संभावनाएँ मिली हैं। हाल के वर्षों में अनेक वैश्विक कंपनियों ने भारत में बड़े निवेश की घोषणाएँ की हैं, जिससे रोजगार और औद्योगिक विकास को गति मिलने की उम्मीद है। रणनीतिक दृष्टि से भी भारत की स्थिति पहले की तुलना में अधिक सशक्त हुई है। हिंद महासागर क्षेत्र में भारत अपनी उपस्थिति मजबूत कर रहा है और छोटे द्वीपीय देशों के साथ रक्षा एवं समुद्री सहयोग बढ़ा रहा है। सेशेल्स को भारत निर्मित गश्ती पोत सौंपना इसी नीति का हिस्सा है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की स्वीकार्यता भी बढ़ी है। अनेक देशों ने भारत की वैश्विक भूमिका का समर्थन किया है तथा भारत को एक उभरती महाशक्ति के रूप में देखा जाने लगा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता की भारतीय दावेदारी को भी विभिन्न देशों का समर्थन प्राप्त हो रहा है। हालाँकि, विदेश यात्राओं की सफलता का मूल्यांकन केवल स्वागत समारोहों और समझौतों की संख्या से नहीं किया जा सकता। यह भी देखना आवश्यक है कि कितने समझौते धरातल पर उतरते हैं, कितना निवेश वास्तव में आता है और उससे देश के आम नागरिक को कितना लाभ मिलता है। कुछ मामलों में व्यापारिक विवाद, वैश्विक तनाव और भू-राजनीतिक चुनौतियाँ भी भारत के सामने बनी हुई हैं। आधुनिक विश्व व्यवस्था में सक्रिय कूटनीति किसी भी उभरती शक्ति के लिए अनिवार्य है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राओं ने भारत की अंतरराष्ट्रीय पहचान को मजबूत किया है, नए साझेदार बनाए हैं और भारत को वैश्विक निर्णय प्रक्रिया में अधिक प्रभावशाली स्थान दिलाने का प्रयास किया है। लेकिन इन यात्राओं की वास्तविक सफलता का पैमाना यही होगा कि वे देश की अर्थव्यवस्था, रोजगार, सुरक्षा और आम नागरिक के जीवन में कितनी सकारात्मक परिवर्तनकारी भूमिका निभाती हैं। विदेश नीति का अंतिम उद्देश्य राष्ट्रीय हितों की पूर्ति होना चाहिए। यदि विदेश यात्राएँ निवेश, तकनीक, ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक शक्ति के रूप में भारत को लाभ पहुँचा रही हैं, तो उन्हें केवल राजनीतिक दृष्टि से नहीं बल्कि राष्ट्रीय विकास की व्यापक रणनीति के रूप में देखा जाना चाहिए। भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका इसी संतुलित और परिणामोन्मुख कूटनीति पर निर्भर करेगी।

आलेख के बीच में सेशेल्स यात्राः हिन्द महासागर में सहयोग और सामरिक साझेदारी की नई दिशा

भारत और सेशेल्स के बीच संबंध केवल कूटनीतिक औपचारिकताओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे साझा समुद्री हितों, सुरक्षा सहयोग और विकास की साझी आकांक्षाओं पर आधारित हैं। सेशेल्स की यात्रा दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के साथ-साथ हिन्द महासागर क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के साझा लक्ष्य को भी मजबूती प्रदान करेगी। हिन्द महासागर आज वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और सामरिक प्रतिस्पर्धा का प्रमुख केंद्र बन चुका है। विश्व व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी समुद्री मार्ग से होकर गुजरता है। ऐसे में इस क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता केवल तटीय देशों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी विश्व अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। सेशेल्स, भौगोलिक दृष्टि से छोटा द्वीपीय राष्ट्र होने के बावजूद हिन्द महासागर की समुद्री सुरक्षा व्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। भारत ने हमेशा सागर अर्थात सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन की नीति के माध्यम से हिन्द महासागर क्षेत्र में सहयोग, विश्वास और साझा विकास को प्राथमिकता दी है। इसी नीति के तहत भारत ने सेशेल्स के साथ रक्षा, समुद्री निगरानी, तटरक्षक सहयोग, क्षमता निर्माण तथा आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में निरंतर साझेदारी विकसित की है।

समुद्री डकैती, अवैध मछली पकडऩे, तस्करी और अन्य समुद्री अपराधों से निपटने में भी दोनों देशों का सहयोग महत्वपूर्ण साबित हुआ है। सेशेल्स की यात्रा इस बात का संकेत है कि भारत अपने पड़ोसी और मित्र देशों के साथ संबंधों को केवल रणनीतिक नजरिये से नहीं देखता, बल्कि उन्हें विकास के विश्वसनीय भागीदार के रूप में भी मान्यता देता है। स्वास्थ्य, शिक्षा, डिजिटल कनेक्टिविटी, अक्षय ऊर्जा और ब्लू इकोनॉमी जैसे क्षेत्रों में सहयोग की व्यापक संभावनाएँ मौजूद हैं। विशेष रूप से ब्लू इकोनॉमी के क्षेत्र में दोनों देश समुद्री संसाधनों के सतत उपयोग और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। आज जब हिन्द महासागर क्षेत्र में वैश्विक शक्तियों की सक्रियता बढ़ रही है, तब भारत और सेशेल्स के बीच मजबूत होते संबंध क्षेत्रीय संतुलन और सामूहिक सुरक्षा के लिए भी आवश्यक हैं। यह साझेदारी किसी प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि सहयोग, विश्वास और साझा हितों पर आधारित व्यवस्था को मजबूत करने का प्रयास है। छोटे द्वीपीय देशों की विकास संबंधी चुनौतियों और जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने में भारत की भूमिका एक विश्वसनीय मित्र और विकास सहयोगी के रूप में उभर रही है। सेशेल्स यात्रा दोनों देशों के संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाएगी। इससे हिन्द महासागर क्षेत्र में समुद्री सहयोग को नई गति मिलेगी तथा एक सुरक्षित, शांतिपूर्ण और समृद्ध हिन्द महासागर के निर्माण की साझा दृष्टि को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में ऐसी साझेदारियाँ ही क्षेत्रीय स्थिरता, आर्थिक प्रगति और दीर्घकालिक शांति की आधारशिला सिद्ध होंगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक, राजनीतिक विचारक है)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# नीली क्रांति से समृद्धि की ओरः मछली पालन बना ग्रामीण विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता का नया आधार

**धनंजय राठौर**

-सरकारी योजनाओं से मिल रहा संबल, मत्स्य पालन से खुल रहे आय और स्वरोजगार के नए द्वार

भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहाँ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए खेती के साथ सहायक व्यवसायों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इन्हीं में मछली पालन आज केवल भोजन का स्रोत नहीं, बल्कि लाखों लोगों के लिए रोजगार, आय और आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बन गया है। कम लागत, कम समय में बेहतर उत्पादन और बाजार में बढ़ती मांग के कारण यह व्यवसाय गांवों में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। मत्स्य पालन जैसे आयवर्धक व्यवसायों को अपनाएंः मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी किसानों से आह्वान किया है कि वे खेती को केवल धान तक सीमित न रखें। दलहन, तिलहन, उद्यानिकी, दुग्ध उत्पादन और मत्स्य पालन जैसे आयवर्धक व्यवसायों को अपनाएं। इसी सोच के अनुरूप भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं, जिससे किसानों और ग्रामीण युवाओं को रोजगार-स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रही नई मजबूतीः ग्रामीण क्षेत्रों में मछली पालन सीमित भूमि और कम पूंजी में शुरू किया जा सकता है। तालाब, जलाशय, नहर और अन्य जल स्रोतों का उपयोग कर किसान अतिरिक्त आय कमा सकते हैं। बढ़ती आबादी और पौष्टिक भोजन की मांग से मछली की खपत लगातार बढ़ रही है। प्रोटीन, विटामिन और खनिजों से भरपूर मछली स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। मत्स्य पालन में रोजगार के बड़े अवसर : मत्स्य पालन न सिर्फ किसानों की आय बढ़ाता है, बल्कि मत्स्य बीज उत्पादन, आहार निर्माण, परिवहन, प्रसंस्करण और विपणन जैसे क्षेत्रों में भी रोजगार के बड़े अवसर देता है।

राज्य पोषित योजनाओं से बढ़ रही संभावनाएं, शिक्षण एवं प्रशिक्षणः छत्तीसगढ़ सरकार मत्स्य कृषकों को प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और आर्थिक सहायता दे रही है। आधुनिक तकनीकों के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण में तालाब प्रबंधन, मत्स्य बीज उत्पादन, रोग नियंत्रण और विपणन की जानकारी दी जाती है। तकनीकी उन्नयन के लिए विशेष प्रशिक्षण भी होते हैं। मत्स्य पालकों को राज्य के बाहर अध्ययन भ्रमण : प्रगतिशील मत्स्य पालकों को राज्य के बाहर सफल मॉडल देखने भेजा जाता है, ताकि वे नई तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित हों। सहकारी समितियों को अनुदानः उत्पादन और विपणन व्यवस्था मजबूत करने के लिए मत्स्य सहकारी समितियों को आर्थिक मदद दी जाती है। नाव-जाल सहायताः अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को नाव-जाल देकर पारंपरिक मछली पकड़ने को बढ़ावा दिया जा रहा है।

फुटकर विक्रेताओं को मददः आइस बॉक्स, तराजू जैसे उपकरण देकर छोटे मछुआरों को बेहतर बाजार और लाभ दिलाया जा रहा है। स्पॉन संवर्धन व झींगा पालनः अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग को स्पॉन संवर्धन और झींगा सह मछली पालन के लिए विशेष सहायता मिल रही है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना दे रही नई उड़ान : केंद्र-राज्य सरकार के संयुक्त सहयोग से चल रही इस योजना का उद्देश्य मत्स्य उत्पादन बढ़ाना, रोजगार सृजन और मछुआरों की आय बढ़ाना है। आधुनिक तकनीक को प्रोत्साहनः मत्स्य बीज उत्पादन बढ़ाने और नए तालाब निर्माण के लिए आकर्षक अनुदान दिया जा रहा है। बेहतर वृद्धि के लिए संतुलित आहार, रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम (आरस्) जैसी वैज्ञानिक पद्धतियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। सजावटी मछली व केज कल्चरः मत्स्य पालन के क्षेत्र में सजावटी मछली पालन इकाइयों और जलाशयों में केज कल्चर से स्वरोजगार के नए अवसर बन रहे हैं। विपणन को मजबूतीः मत्स्य पालकों को शीत संयंत्र, प्रशीतित वाहन, आइस बॉक्स युक्त मोटरसाइकिल, ई-रिक्शा और लाइव फिश सेंटर से मछलियों की गुणवत्ता बनाए रखकर बेहतर विपणन सुनिश्चित हो रहा है। मछुआरों के लिए सामाजिक सुरक्षा का कवच : बचत सह राहत योजनाः मछली पकड़ने की बंद (15 जून से 15 अगस्त तक) अवधि में आर्थिक मदद के लिए केंद्र-राज्य के सहयोग से यह योजना चल रही है। निःशुल्क समूह बीमा योजनाः मत्स्य पालकों के दुर्घटना, मृत्यु या अपंगता की स्थिति में मछुआरों और उनके परिवारों को वित्तीय सुरक्षा मिलती है।

आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की ओर कदम : मछली पालन आज ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन और आर्थिक आत्मनिर्भरता का अहम माध्यम बन गया है। सरकार की योजनाएं किसानों, युवाओं, महिलाओं और अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग को स्वरोजगार के नए अवसर दे रही हैं। आधुनिक तकनीक, वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण से मत्स्य क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएं बन रही हैं।

मत्स्य पालन आत्मनिर्भर और समृद्ध ग्रामीण भारत के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदमःइच्छुक हितग्राही अपने नजदीकी मत्स्य विभाग कार्यालय से संपर्क कर योजनाओं की विस्तृत जानकारी ले सकते हैं। मछली पालन न सिर्फ आय बढ़ाने का जरिया है, बल्कि आत्मनिर्भर और समृद्ध ग्रामीण भारत के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम भी है। (लेखक संयुक्त संचालक जनसंपर्क, रायपुर हैं)




**मेष राशि** : मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको कार्यस्थल पर किसी सहकर्मी का सहयोग मिलेगा इससे आपको काम करने में आसानी होगी। आज आप शाम किसी बर्थडे पार्टी में जा सकते हैं जहां आपकी मुलाकात किसी रिश्तेदार होगी। इस राशि के छात्र अपनी पढ़ाई को बेहतर बनाने के लिए अपनी डेली रूटीन में कुछ नए बदलाव करेंगे।

**वृष राशिः** वृष राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे, इससे आपका काम आसान हो जायेगा। आज आप अपने मित्रों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनायेंगे। आज आपकी रुचि अध्यात्म में रहेगी। कारोबार और परिवार में बैलेंस बना रहेगा।

**मिथुन राशिः** मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी विपरीत परिस्थिति में अपने धैर्य को बनायेंगे रखेंगे आपकी स्थितियां जल्द ही सुधरती नजर आएंगी। आपका मिलनसार व्यवहार आपको लोगों का प्रिय बना देगा। विरोधी आपके बारे में अफवाहें फैलाने का काम कर सकते हैं आप उनको नजरंदाज करें और आगे बढ़ें। शुभ अंक - 3

**कर्क राशिः** कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के किसी काम के कारण आपकी अचानक यात्रा हो सकती है। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आपको अपने काम में सहयोगियों का सहयोग मिलेगा, जिससे काम समय से पूरा हो जायेगा

**सिंह राशिः** सिंह राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप कुछ समय मनोरंजन सम्बन्धी गतिविधियों में बिताएंगे। आज आपके द्वारा कुछ सराहनीय काम किये जा सकते हैं। आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग की सहायता भी प्राप्त होगी।

**कन्या राशि** : कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज अपनी भावनाओं के साथ दूसरों के भी भावनाओं का ख्याल रखेंगे। आज परिवार के साथ घर पर मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। सेहत के लिहाज से आज आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

**तुला राशिः** तुला राशि वालों आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज कुछ महत्वपूर्ण मामलों में फैसला ले सकते हैं। धर्म और सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि हो सकती है। नकारात्मक गतिविधि वाले लोगों से दूर रहें। आज करीबी दोस्त या रिश्तेदार किसी काम में आपका सहयोग करेंगे। आज आप बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते हैं।

**वृश्चिक राशिः** वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने कामों में ही व्यस्त रहें और बेवजह की गतिविधियों में रुचि ना लें। परिवार के वरिष्ठ सदस्यों का अनुभव तथा सहयोग आज आपके लिए बहुत अधिक लाभदायक रहेगा। संतान पक्ष से खास खुशखबरी मिलेगी, घर में सभी लोग खुश होंगे। विरोधी पक्ष आपके सामने नतमस्तक होगा। आस पास के लोग आपके लिए मददगार साबित होंगे।

**धनु राशिः** धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज कुछ समय अपने पारिवारिक तथा व्यक्तिगत जीवन के लिए निकालना अच्छा रहेगा। प्रोफेशनल कार्य प्रणाली में कुछ बदलाव हो सकता है। मेडिकल स्टोर वालों को आज उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होगा। आज आपको लोगों के सामने अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे।

**मकर राशिः** मकर राशि वालों आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं जो आपकी आर्थिक स्थिति और घर की व्यवस्था ठीक रखने में सहायक हो सकते हैं। धर्म और सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि हो सकती है। नकारात्मक गतिविधि वाले लोगों से दूर रहें। व्यापार को बढ़ाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे।

कुंभ राशिः कुंभ राशि वालों आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। इस समय कई नई तरह की गतिविधियों में भी व्यस्तता रहेगी और उचित परिणाम मिलेंगे। पहले किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा, जिसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें।

**मीन राशि** : मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। व्यवसाय में अपना पूरा ध्यान मार्केटिंग और काम के प्रमोशन में लगाएं। सही रणनीति बनाकर काम करने से सफलता की संभावनाएं बढ़ेंगी। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेंगे, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको ठीक-ठाक फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा।

# अयोध्या को आस्था का केंद्र रहने दें

**संजय गोस्वामी**

अयोध्या में भगवान राम का जन्म हुआ अतः वहाँ आज आस्था की जगह कोर्ट, कटघरे का बाजार न बनाया जाय भगवान राम से बड़ा कौन न्याय कर सकता है आज बड़े और प्रसिद्ध मंदिरों में आने वाले चढ़ावे, दान और बहुमूल्य संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता की कमी, वित्तीय अनियमितताएं और भ्रष्टाचार के मामले समय-समय पर सामने आते रहे हैं। कई मामलों में ट्रस्ट के सदस्यों, स्थानीय नौकरशाहों और कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों की मिलीभगत के आरोप लगते रहे हैं। मंदिर के पूर्व मुख्य लेखा प्रभारी महिपाल सिंह (जो जनवरी 2021 से अप्रैल 2022 तक कार्यरत थे) ने मीडिया के सामने आकर दावा किया कि दान की राशि की गिनती के दौरान हेराफेरी का एक संगठित खेल लंबे समय से चल रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उन्होंने एक बार 5 लाख की चोरी पकड़ी और इसकी शिकायत ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से की, तो उन्हें ही पद से हटा दिया गया। इस मामले की निष्पक्षता और गहराई से जांच के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एक जनहित याचिका भी दायर की गई है, जिसमें पूरे मामले की कैग (CAG) से जांच कराने और एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। यह पता लगना बहुत जरूरी है कि इस चोरी के तार प्रबंधन या ट्रस्ट के किन बड़े चेहरों से जुड़े हैं। करोड़ों रामभक्तों की आस्था से जुड़े होने के कारण इस रिपोर्ट के अंतिम निष्कर्षों पर देश भर की निगाहें टिकी हैं। राम मंदिर की लंबी कानूनी और सांस्कृतिक लड़ाई में निर्मोही अखाड़ा, रामानंद संप्रदाय और अयोध्या के स्थानीय स्थापित संतों (जैसे जगद्गुरु रामानंदाचार्य, दिगंबर अखाड़े के संत आदि) ने सदियों तक संघर्ष किया। ट्रस्ट के गठन के समय कई प्रमुख संतों को लगा कि उनके योगदान और पारंपरिक अधिकारों को दरकिनार कर दिया गया। संतों का तर्क है कि ट्रस्ट में आईएएस अधिकारियों (पूर्व और वर्तमान), राजनेताओं और संघ से जुड़े व्यक्तियों का प्रभाव अधिक है। उनका मानना है कि जब किसी धार्मिक संस्था में सत्ताधारी प्रशासनिक, सामाजिक और राजनीतिक वर्ग का नियंत्रण बहुत अधिक बढ़ जाता है, तो वहाँ की निर्णय प्रक्रिया में आध्यात्मिक चेतना के बजाय बाजार की विचारधारा हावी हो जाती है। हाल ही में मंदिर के चढ़ावे की चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के जो आरोप सामने आए हैं, उन्हें लेकर कुछ संतों का कहना है कि यदि ट्रस्ट में अयोध्या के पारंपरिक, विरक्त और निष्पक्ष संतों का व्यापक नियंत्रण होता, तो शायद इस तरह की राजनीतिक और प्रशासनिक सांठगांठ (नेक्सस) पनप ही नहीं पाती। वैचारिक रूप से देखा जाए तो संतों की यह चिंता जायज है कि धर्मस्थल का मूल चरित्र आध्यात्मिक होना चाहिए, न कि केवल राजनीतिक और प्रशासनिक इकाई। जब ईश्वर के प्रति निश्छल श्रद्धा और राजनीतिक महत्त्वाकांक्षाओं का घालमेल होने लगता है, तो नुकसान किसी एक दल या व्यवस्था का नहीं, बल्कि समाज के उस नैतिक ताने-बाने का होता है जो सदियों के भरोसे पर टिका है। एक आम श्रद्धालु मंदिर, मस्जिद या किसी भी पवित्र स्थान पर अपनी व्यक्तिगत शांति, मुक्ति और समर्पण की भावना से जाता है। लेकिन जब इन स्थानों को चुनावी विमर्श (Narrative) का मुख्य केंद्र बना दिया जाता है, तो श्रद्धा का यह एकांत और पवित्र रूप सामूहिक वोट बैंक में तब्दील होने लगता है। राजनीति का स्वभाव ही विभाजन और ध्रुवीकरण है, जबकि धर्म का मूल स्वभाव जोड़ना और भीतर से शांत करना है। दोनों का यह टकराव अंततः आस्था के मूल स्वरूप को ही चोट पहुँचाता है। जैसा कि हाल ही में राम मंदिर के चढ़ावे की हेराफेरी के आरोपों और एसआईटी (SIT) की जांच से सामने आया है—जब किसी धार्मिक संस्थान का नियंत्रण आध्यात्मिक चेतना वाले संतों या निष्पक्ष समाज के बजाय राजनीतिक और प्रशासनिक सांठगांठ के हाथों में चला जाता है, तो वहाँ सेवा भाव की जगह बाजार भाव हावी हो जाता है। जब तक राजनेता और नौकरशाह किसी धार्मिक स्थल को अपनी शक्ति के प्रदर्शन या नियंत्रण के साधन के रूप में देखेंगे, तब तक वहाँ पारदर्शिता की उम्मीद करना बेमानी होगा। इतिहास गवाह है कि जब-जब सत्ता ने धर्म का सहारा अपनी नाकामियों को छिपाने या जनता को तात्कालिक रूप से रिझाने के लिए किया है, तब-तब समाज का वास्तविक कल्याण अर्थात लोकमंगल पीछे छूट गया है। बुनियादी सवाल—जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, नागरिक अधिकार और सामाजिक समरसता—धार्मिक प्रतीकों के शोर में दबा दिए जाते हैं। बुद्ध, कबीर, तुलसी और गांधी की इस भूमि पर धर्म हमेशा से सत्ता को मर्यादित करने और उसे नैतिक दायित्व यानी राजधर्म याद दिलाने का माध्यम रहा है। लेकिन आज की स्थिति इसके उलट दिखती है, जहाँ सत्ता स्वयं धर्म को अपनी सुविधानुसार संचालित और परिभाषित करने का प्रयास कर रही है। करोड़ों लोगों की निश्छल आस्था से खिलवाड़ को रोकने का एकमात्र रास्ता यही है कि नागरिक के तौर पर हम भी सजग हों—हम ईश्वर की शरण में श्रद्धा ज़रूर लेकर जाएं, लेकिन जब नागरिक कर्तव्यों और अधिकारों की बात आए, तो प्रशासन और सत्ता से उनके हिस्से के तीखे सवाल पूछना चाहिए । आखिर राम मंदिर के निर्माण में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में इतने बड़े बड़े कारोबारी का आना भगवान राम को शोभा नहीं दिया होगा क्योंकि उन्होंने खुब जमकर चढ़ावा दिया होगा और ऐसे में उनके सेवक भी उसी रंग में रँग कर पूजा कर रहें होंगे क्योंकि आम गरीब का जाना उस समय वर्जित था जिसमें भगवान राम दीन दुःखियों में बसते हैं क्योंकि सबसे ज्यादा भगवान राम को गरीब लोग ही मानते हैं कुछ बीमारी हुआ तो ईलाज के लिए पैसा नहीं है तो भगवान राम को याद करते हैं एक डेली रोजमर्रा के जीवन को संघर्ष में बिताते वही भगवान राम को ज्यादे याद करते हैं और भगवान राम उनकी रक्षा भी करते हैं क्योंकि वो भगवान राम के सामने रोते हैं मदद मांगते हैं और इसलिए भगवान राम उनकी रक्षा भी करते हैं क्योंकि भगवान महलों में पले जरूर लेकिन उनका असली संघर्ष का जीवन 14 साल वन में अपनी पिता की आज्ञा में बिताये और वही हमें चोरी से नहीं मेहनत से धन कमाने और उसका सही तरीके से इस्तेमाल करना सिखाता है अब मैं इसमें दोष सिस्टम को मानता हूँ क्योंकि आपने जो वहाँ विश्वास से बैठाये थे उसके अंदर झाँक कर नहीं देखा आप महाकुम्भ में याद कीजियेगा कितना महंगा फ्लाइट का टिकट और नाव वाला खुब पैसा कमाया इसमें आप दोषी हो जो ईश्वर कहाँ हैं उसको जानने में भूल कर देते हो ईश्वर भगवान राम आपके अंदर हैं आप सेवा करें फल अवश्य मिलेगा, आप चढ़ावे से ज्यादा गरीबों में मदद कर दें आज एक सच्चे और देशभक्त संविधान प्रेमी नागरिक का यही सबसे बड़ा दायित्व है, दरअसल हमें भव्यता और बाहरी सुन्दरता से निकल कर गरीबों के हित के बारे में सोचना चाहिए हमारा संस्कार ऐसा हो जो हर भारतीय में भगवान राम की लहर पैदा करें इसके लिए बरसाती मेढकों के टर्र टर्र कर रहें विचारों को नहीं लेना है जो मंचों पर खुब भाषण देते हैं लेकिन वही राजनेता होटलों क्लबो, और आलीशान महलों में नजर आएंगे जिन्हे भगवान राम से ज्यादा अपनी सत्ता की पड़ी है। इसलिए आप बदलेंगे तो लोग बदलेंगे और लोग बदलेंगे तो समाज बदलेगा और समाज बदलेगा तो देश बदलेगा और विचार में परिवर्तन होगा ऐ मैं नहीं पंडित श्री रामकृष्ण शर्मा आचार्य ने कहा है जो कलयुग में देव के रूप में आए ज्ञान दिया और लाखों लोगों के विचारों में परिवर्तन हुआ ऐ शांतिकुंज, हरिद्वार में वेदमाता गायत्री विश्वविद्यालय भी है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# एटलेटिको मैड्रिड छोड़कर बार्सिलोना जाना चाहते हैं जूलियन अल्वारेज़

**एजेंसी, न्यूजर्सी**

अर्जेंटीना के स्टार स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज़ अब एटलेटिको मैड्रिड छोड़कर शीर्ष स्पेनिश क्लब बार्सिलोना जाना चाहते हैं। अर्जेंटीना की फीफा विश्व कप में ऑस्ट्रिया पर जीत के बाद अल्वारेज़ ने भी माना है कि वह अब एटलेटिको मैड्रिड से आगे बढ़ना चाहते हैं वहं दूसरी ओर एटलेटिको मैड्रिड इसके लिए तैयार नजर नहीं आता

।अल्वारेज़ के अनुसार भविष्य के लिए ट्रांसफर सबसे बेहतर विकल्प है। उन्होंने यह भी कहा कि वह इस मामले में क्लब के अधिकारियों के साथ बात कर रहे हैं। उन्होंने किसी क्लब का नाम नहीं लिया, लेकिन मौजूद जानकारी के अनुसार स्पेनिश दिग्गज बार्सिलोना में खेलने की उनकी इच्छा किसी से छिपी नहीं है। पिछले कुछ सप्ताह से बार्सिलोना, पेरिस सेंट जर्मेन (PSG) और आर्सेनल जैसे बड़े



क्लबों का नाम जूलियन अल्वारेज़ के साथ जोड़ा जा रहा था। वहीं, स्पेन की मीडिया में लगातार यह दावा किया जा रहा है कि खिलाड़ी और बार्सिलोना के बीच व्यक्तिगत शर्तों पर सहमति भी बन चुकी है। रिपोर्टों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पांच साल के अनुबंध को लेकर बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ी है। हालांकि, एटलेटिको मैड्रिड ने इस मामले में अभी कुछ नहीं कहा है। क्लब ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए साफ कहा है कि जूलियन अल्वारेज़ बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं हैं। क्लब के अनुसार, यदि कोई टीम खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ना चाहती है तो उसे 500 मिलियन यूरो की रिलीज़ क्लॉज राशि का भुगतान करना होगा। इसके अलावा, किसी भी प्रकार की बातचीत या समझौते की संभावना नहीं है। बार्सिलोना पहले ही एटलेटिको मैड्रिड को एक बड़ी राशि का प्रस्ताव भेज चुका था, लेकिन उसे तुरंत खारिज कर दिया गया। इतना ही नहीं, क्लबों के बीच सोशल मीडिया पर भी अप्रत्यक्ष बयानबाजी देखने को मिली है। दूसरी ओर, रियल मैड्रिड की ओर से भी कथित रूप से भारी भरकम प्रस्ताव भेजे जाने की खबरें सामने आई थीं, जिन्हें स्वीकार नहीं किया गया। अल्वारेज़ का करियर पिछले कुछ वर्षों में बेहद तेजी से आगे बढ़ा है। वर्ष 2022 में इंग्लैंड के मैनचेस्टर सिटी ने उन्हें अर्जेंटीना के रिवर प्लेट क्लब से अपेक्षाकृत कम कीमत पर अपने साथ जोड़ा था।

## ईशान में एक अच्छे टेस्ट बल्लेबाज बनने की भी सभी योग्यताएं: श्रीकांत

**एजेंसी, चेन्नई**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व भारतीय कप्तान कृष्णमाचारी श्रीकांत ने कहा है कि आक्रामक सलामी बल्लेबाज ईशान किशन एक अच्छे टेस्ट बल्लेबाज बन सकते हैं पर उन्हें अवसर नहीं मिल रहा। श्रीकांत के अनुसार एक अच्छे टेस्ट बल्लेबाज बनने के लिए जिस प्रकार का कौशल चाहिये वह इस बल्लेबाज में है पर फिर भी उसे अवसर नहीं मिल रहा। साथ ही कहा कि ये निराशाजन बात है कि एक काबिल खिलाड़ी टीम में जगह हासिल नहीं कर पा रहा। ये एक प्रकार से उसकी प्रतिभा के साथ अन्याय है। गौरतलब है कि करीब दो साल तक राष्ट्रीय टीम से बाहर रहने के



बाद, किशन हाल ही में टी20 विश्वकप से टीम में वापसी करने में सफल रहे हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ 50-ओवर के प्रारुप में भी उन्होंने एक अच्छा शतक लगाया है। श्रीकांत के अनुसार उन्हें ईशान के खेलने का अंदाज अच्छा लगता है। इसी को देखते हुए इस पूर्व कप्तान का मानना है कि कि साल 2023 में कुछ टेस्ट मैच खेल चुके किशन टेस्ट में अवसर मिलने पर भी प्रभावित ही करेंगे। उन्होंने इस बल्लेबाज के खेल की सराहना करते हुए कहा, मैं ईशान किशन का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। उन्होंने अचानक वापसी की है और बहुत बढ़िया खेल रहे हैं। मुझे उनका खेल पसंद है। उनके स्ट्रोक खेलने का तरीका, टाइमिंग, पावर और आसानी से खेलने की क्षमता सब लाजवाब है। वह सभी प्रारुपों में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं पर उन्हें एक प्रारुप तक ही सीमित कर दिया गया है जो भारतीय क्रिकेट के लिए नुकसान देह रहेगा। गौरतलब है कि साल 2024 में ईशान को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्रीय अनुबंध से हटा दिया गया था। तब इसका कारण जानबूझकर घरेलू क्रिकेट नहीं खेलना बताया गया। इसके बाद ईशान ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर अपने को साबित करते हुए मैदान पर वापसी की। श्रीकांत ने भारतीय क्रिकेट टीम की मौजूदा चयन समिति पर भी अपनी राय रखी। उनका मानना है कि समिति घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले कुछ खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में मौके देने के मामले में हमेशा अच्छा काम नहीं कर पाई है। उन्होंने यशस्वी जायसवाल का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्हें शीर्ष क्रम में बहुत ज्यादा प्रतिस्पर्धा होने के कारण सीमित ओवरों के क्रिकेट में कभी-कभी ही मौके मिलते हैं, जो उनके लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।

## एलियट को मैनचेस्टर सिटी ने रिकार्ड कीमत पर अपने साथ जोड़ा

**एजेंसी, लंदन**

ब्रिटेन में मिडफील्डर एलियट एंडरसन प्रीमियर लीग में सबसे महंगे फुटबॉलर बने हैं। मैनचेस्टर सिटी ने नॉटिंघम फॉरेस्ट के एलियट को 116 मिलियन पाउंड की रिकॉर्ड कीमत में खरीदा है। ये किसी भी ब्रिटिश खिलाड़ी को मिलनी वाली सबसे महंगी ट्रांसफर फीस है। 23 वर्षीय एलियट ने इसी के साथ ही ही वेस्ट हैम यूनाइटेड से आर्सेनल में 105 मिलियन पाउंड में शामिल हुए फुटबॉलर डेक्लन राइस का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इससे साफ है कि प्रीमियर लीग में स्टार खिलाड़ियों को



मोटी रकम देने में क्लब पीछे नहीं है। विशेष रुप से स्टार खिलाड़ियों को। दोनों क्लबों के बीच अंतिम सहमति बन चुकी है और एलियट ने भी नॉटिंघम फॉरेस्ट को क्लब छोड़ने की सहमति दे दी है। अब मेडिकल जांच के बाद इस रिकॉर्ड सौदे की आधिकारिक घोषणा होगी। यह भी कहा जा रहा है कि मैनचेस्टर सिटी ने शुरुआत में एंडरसन के लिए 80 मिलियन पाउंड का प्रस्ताव दिया था पर नॉटिंघम फॉरेस्ट ने उसे अस्वीकार कर दिया था।

वहीं पिछले प्रीमियर लीग सत्र में एलियट एंडरसन ने नॉटिंघम फॉरेस्ट के लिए असाधारण प्रदर्शन करते हुए अपनी पहचान बनाई। उन्होंने सभी 38 लीग मुकाबले खेले और केवल एक बार ही शुरुआती एकादश से बाहर रहे।

## वैभव की फिटनेस का ध्यान रखे जाने की जरुरत कलिनन

**एजेंसी, जोहांसबर्ग** : दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज डेरिल कलिनन ने कहा है कि भारतीय टीम में शामिल 15 साल के उभरते बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को लेकर सतर्कता बरती जानी चाहिये। कलिनन के अनुसार इस युवा बल्लेबाज के लंबे करियर में फिटनेस बाधा बन सकती है, इसलिए उसका ध्यान रखे जाने की जरुरत है। कलिनन ने कहा कि वैभव पावर हिटिंग पर जोर देते हैं। जिसके लिए उन्हें हर शॉट पर ज़बरदस्त बैट स्पीड और ताकत की ज़रूरत होती है। टाइमिंग और तकनीक भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, पर इस बल्लेबाज के ताकतवर स्ट्रोक प्ले पर अधिक अनिर्भरता ही चिन्ता का कारण है। उनका मानना है कि आने वाले सालों में निर्भरता ही उनके शरीर पर भारी पड़ सकती है और वह बार-बार चोटों का कारण बन सकते हैं। वैभव ने श्रीलंका ए के खिलाफ केवल 29 गेंदों पर 94 रनों की आतिशी पारी खेली थी, जिसमें उन्होंने 11 गेंदों में अर्धशतक जड़कर लिस्ट-ए क्रिकेट का नया रिकॉर्ड भी बनाया। उनकी इस विस्फोटक पारी से कलिनन भी बेहद हैरान हैं। उन्होंने कहा, मैं इस युवा से बेहद प्रभावित हूं पर जो बात मुझे परेशान कर रही है और जिस पर कोई बात नहीं कर रहा, वह है चोटें? 15 साल की उम्र में बड़ा बल्ला घुमाना, इतना अधिक क्रिकेट खेलना उसके शरीर और जोड़ों पर जोर डाल सकता है।

## महिला क्रिकेट टीम के प्रति भेदभाव का रवैया अब तक नहीं बदला : सना मीर

**एजेंसी, लाहौर**

पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मीर ने कहा है कि खराब प्रदर्शन के बाद जिस प्रकार से महिला क्रिकेटरों को निशाना बनाया जाता है, उससे साफ है कि अभी भी उनके खिलाफ भेदभाग बरता जा रहा है। सना के अनुसार क्रिकेट के प्रति दीवानगी के बाद भी प्रशंसकों और आलोचकों द्वारा पुरुष और महिला टीम को लेकर दोहरा रवैय अपनाया जा रहा है। टी20 विश्वकप में पाक के खराब प्रदर्शन से भी प्रशंसक भड़के थे। पाक टीम ने विश्व कप में लगातार चार हार के बाद नीदरलैंड्स पर एकमात्र जीत की है। इस निराशाजनक प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए,



सना ने सवाल किया कि जब पुरुष टीम खराब प्रदर्शन करती है, तो क्या कोई उनसे घर पर ही रहकर काम करने को कहता है। ? इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि दोहरा रवैया नहीं चलेगा। खासकर जब पुरुष और महिला टीमों के प्रदर्शन पर चर्चा की जाती है। उन्होंने कहा, मैं आलोचना के इस लहजे से सहमत नहीं हूं। हां, टीम उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी पर केवल इसलिए कि यह महिला टीम है तो उससे भेदभाव क्यों किया जाये ? उन्होंने दुख जताया कि इतने सालों बाद भी महिला टीम को वह सम्मान नहीं मिल रहा है, जिसकी वे अधिकारी हैं। उन्होंने ने प्रशंसकों और आलोचकों से कहा कि पेशेसर क्रिकेट अपनाने वाली लड़कियों को जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, उन पर भी ध्यान देने को कहा है। उन्होंने कहा कि लड़कियों की क्षमता साबित करने में कई साल लग गए, और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनके प्रदर्शन को अभी भी उनके लिंग के आधार पर आंका जा रहा है, न कि क्रिकेट कौशल के आधार पर।

# बिजनेस

## अनुभव प्लास्ट के शेयरों ने निवेशकों को दिया झटका, फ्लैट लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ईआरडब्ल्यू स्टील पाइप और ट्यूब का उत्पादन करने वाली कंपनी अनुभव प्लास्ट के शेयरों ने सोमवार को स्टॉक मार्केट ने फ्लैट एंट्री करने के बाद कमजोर प्रदर्शन कर अपने आईपीओ निवेशकों को करारा झटका दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 80 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग बिना किसी उतार चढ़ाव के 80 रुपये के भाव पर ही हुई। लिस्टिंग के बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये शेयर थोड़ी देर में ही 76 रुपये लोअर सर्किट लेवल तक पहुंच गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर चार रुपये यानी पांच प्रतिशत का नुकसान हो गया। अनुभव प्लास्ट लिमिटेड का 24 करोड़ रुपये का आईपीओ 19 से 23 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था,




जिसके कारण ये ओवरऑल 2.18 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.23 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 2.49 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 2.60 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 30 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी सेटअप करने, सोलर पैनल स्ट्रक्चर्स बनाने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी।

कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 74 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 2.08 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर छह करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को 5.30 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 87.21 करोड़ रुपये का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 87.41 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में 98.31 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को 80.60 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका था। इस अवधि में कंपनी के कर्ज में लगातार वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में कंपनी पर 27.80 करोड़ रुपये का कर्ज था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 28.99 करोड़ रुपये और 2024-25 में 32.64 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ बढ़ कर 34.81 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया था।

## सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

**एजेंसी, नई दिल्ली**


घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सांकेतिक कमजोरी नजर आ रही है। भाव में आई गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,43,940 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,45,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,31,940 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,33,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी मामूली गिरावट होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,39,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,44,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,090 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,43,940 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## स्टॉक मार्केट में टर्टलमिंट की कमजोर शुरुआत, घाटे में आईपीओ निवेशक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टेक्नोलॉजी-बेस्ड इंश्योरेंस डिस्ट्रीब्यूशन प्लेटफॉर्म चलाने वाली कंपनी टर्टलमिंट फिनटेक सॉल्यूशंस के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में गिरावट के साथ एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 152 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई में इसकी लिस्टिंग 10.39 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 136.20 रुपये के स्तर पर और एनएसई में 11.25 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 134.90 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली का सपोर्ट मिलने से ये शेयर उछल कर 144.95 रुपये तक गया।बिकवाली का दबाव बनने पर ये शेयर टूट कर 132 रुपये के स्तर तक गिर भी गया। दोपहर 2:30 बजे तक का कारोबार होने के बाद ये शेयर 135.67 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 16.33 रुपये यानी 10.74 प्रतिशत का नुकसान हो चुका था। टर्टलमिंट फिनटेक सॉल्यूशंस का 882.67 करोड़ रुपये का आईपीओ





19 से 23 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.24 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.63 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में सिर्फ 0.55 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.11 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत एक रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 660.72 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 1.46 करोड़ शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं। आईपीओ में नए शेयरों की बिक्री से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी क्लाउड और सर्वर इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने, लीज पेमेंट करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत में उतार चढ़ाव होता रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 288.18 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में घट कर 193.35 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में 194.11 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को 187.39 करोड़ रुपये का शुद्ध नुकसान हो चुका था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी उतार चढ़ाव होता रहा। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 460.11 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में घट कर 119.12 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 693.21 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को 748.91 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका था।

## केंद्र ने कारोबार करने में आसानी को बढ़ावा देने के लिए सुधार सूचना तंत्र शुरू किया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने व्यापार करने में आसानी (ईओडीबी) को बढ़ावा देने के लिए 'सुधार सूचना तंत्र' की शुरुआत की है। इसे जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) अधिनियम के जरिए लागू किया गया है, जो व्यवसायों को बिना दंड के प्रक्रियात्मक कमियों को सुधारने का मौका देता है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के मुताबिक इस नई व्यवस्था के तहत अगर कोई कारोबार पहली बार प्रक्रिया या नियमों का पालन करने में कोई तय चूक करता है, तो उसे दंडात्मक कार्रवाई शुरू होने से पहले उस कमी को ठीक करने का मौका दिया जाएगा। इस सुधार का मकसद 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस'




(ईओडीबी) को बढ़ावा देना है। यह सुधार ईओडीबी को बढ़ावा देता है। यह स्वेच्छा से नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करता है, अनावश्यक कानूनी विवादों को कम करता है और भरोसे पर आधारित रेगुलेटरी सिस्टम को सपोर्ट करता है। इसके साथ ही उपभोक्ताओं की मज़बूत सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है। मंत्रालय ने कहा कि इसे जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) अधिनियम के माध्यम से लागू किया गया है, जो व्यवसायों को बिना दंड के प्रक्रियात्मक कमियों को सुधारने का मौका देता है। इसके लिए स्वेच्छा से नियमों का पालन करने को प्रोत्साहित किया जाएगा, बेवजह के कानूनी विवाद कम किए जाएंगे और भरोसे पर आधारित रेगुलेटरी सिस्टम को सपोर्ट किया जाएगा, साथ ही उपभोक्ताओं की सुरक्षा भी मजबूत बनी रहेगी। सुधार नोटिस सिस्टम पहली बार होने वाली कुछ खास प्रक्रियात्मक और रेगुलेटरी कमियों पर लागू होता है, जिसमें रजिस्ट्रेशन की जरूरतें, डॉक्यूमेंटेशन और रिकॉर्ड रखना, मॉडल मंजूरी, वजन और माप का निर्माण, बिक्री और मरम्मत, वजन और माप का आयात, लेन-देन और पैक्ड सामान, कानूनी जानकारी और रिटर्न देना आदि हैं।

## सेबी ने कार्यकारी निदेशक पद के लिए भर्ती शुरू की, 25 जुलाई तक मांगे आवेदन

**एजेंसी, नई दिल्ली** । पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कार्यकारी निदेशक के पद के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। सेबी ने कार्यकारी निदेशक पद के लिए 25 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। कार्यकारी निदेशक की नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति या संविदा के आधार पर की जाएगी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड की सूचना के मुताबिक संविदा के आधार पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास एमबीए, सीए, सीएस, एलएलबी या अर्थशास्त्र, वित्त अथवा सेबी द्वारा प्रासंगिक माने जाने वाले किसी अन्य विषय में स्नातकोत्तर डिग्री होनी चाहिए। उम्मीदवार के पास प्रतिभूति बाजार से जुड़े मामलों में कम से कम 20 वर्ष का अनुभव या कानून, जांच, वित्त, अर्थशास्त्र और लेखांकन आदि क्षेत्रों में विशेष ज्ञान या अनुभव होना आवश्यक है। सेबी के मुताबिक सरकारी संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के पात्र कर्मचारी अपने नियोक्ता के जरिए आवेदन भेजकर प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। इस महीने की शुरुआत में सरकार ने सेबी में दो पूर्णकालिक सदस्य के पदों को भरने के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए थे। फिलहाल सेबी में 4 पूर्णकालिक सदस्य कमलेश चंद्र वार्ष्णेय, अमरजीत सिंह, संदीप प्रधान और के. वी. आर. मूर्ति कार्यरत हैं।

## आरईसी के पीएफसी में विलय की योजना को दोनों कंपनियों के निदेशक मंडल की मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र की पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) और रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन (आरईसी) लिमिटेड के निदेशक मंडलों ने आरईसी के पीएफसी में विलय की योजना को मंजूरी दे दी है। आरईसी का पीएफसी में विलय होने से एक ऐसी वित्तीय कंपनी बनेगी, जिसका कुल कर्ज खाता 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक का होगा। शेयर बाजार को देर रात दोनों कंपनियों ने इस विलय की जानकारी दी। सोमवार को कारोबार के दौरान दिन में करीब आरईसी के शेयर 0.37 फीसदी यानी 1.35 रुपये चढ़कर 366 रुपये प्रति शेयर पर ट्रेड कर रहे थे, जबकि पीएफसी के शेयर




1.56 फीसदी यानी कि करीब 6.75 रुपये टूटकर 425.90 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहे थे। आरईसी के पीएफसी में विलय कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230-232 और अन्य लागू प्रावधानों के तहत किया जाएगा, जिसमें संबंधित शेयरधारकों तथा कर्जदाताओं को भी शामिल किया गया है। ये विलय कई शर्तों पर निर्भर है। इनमें दोनों कंपनियों के शेयरधारकों और कर्जदाताओं की मंजूरी और सभी संबंधित नियामकीय तथा सरकारी प्राधिकरणों की मंजूरी शामिल है। दोनों कंपनियों के संयुक्त बयान के अनुसार विलय के बाद बनी कंपनी का कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत 'सरकारी कंपनी' का दर्जा बनाए रखना और भारत सरकार का विलय के बाद बनी कंपनी में (सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से) ज्यादातर मतदान अधिकार और नियंत्रण बनाए रखना भी जरूरी है। योजना और मूल्यांकन रिपोर्ट के मुताबिक आरईसी का पीएफसी में प्रस्तावित विलय के लिए शेयर विनिमय अनुपात के तहत आरईसी के शेयरधारकों को 10-10 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक चुकता 100 शेयर के बदले पीएफसी के 10-10 रुपये अंकित मूल्य के 88 चुकता शेयर जारी किए जाएंगे।

फिल्म

# इंडियन हो या वेस्टर्न, हर लुक में बला की खूबसूरत लगती हैं कैरी ऑन जट्टा 4 एक्ट्रेस सरगुन मेहता



अ सरगुन मेहता इन दिनों फिल्म कैरी ऑन जट्टा 4 को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं. उनकी ये कॉमेडी फिल्म फाइनली 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है. फिल्म को दर्शकों से बढ़िया रिस्पॉन्स मिल रहा है और उम्मीद है कि ये बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार ओपनिंग करने वाली है. सरगुन मेहता फिल्मों के साथ-साथ अपनी खूबसूरती और स्टाइलिश अंदाज को लेकर भी लगातार चर्चा में रहती हैं. पॉपुलर कॉमेडी फ्रैंचाइजी कैरी ऑन जट्टा 4 में सरगुन मेहता लीड रोल में हैं. वो फिल्म में प्रीत नाम की लड़की का रोल निभा रही हैं. इसमें उनकी जोड़ी गिप्पी ग्रेवाल के साथ बनी है. दोनों की केमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया है. सरगुन मेहता ने कैरी ऑन जट्टा फ्रैंचाइजी में पहली बार एंट्री की है.

इससे पहले इस फ्रैंचाइजी की फिल्मों में सोनम बाजवा और माहिरा शर्मा जैसी हसीनाएं नजर आई थीं. फिल्म में सरगुन की एक्टिंग दर्शकों को खूब पसंद आ रही है. फिल्मों में दमदार एक्टिंग के साथ-साथ सरगुन मेहता अपने स्टाइलिश और ग्लैमरस अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं. उनका हर लुक सोशल मीडिया पर छा जाता है. फैंस उनकी खूबसूरती पर दिल हार बैठते हैं. चाहे ट्रेडिशनल साड़ी हो, एलिगेंट सूट, ग्लैमरस गाउन या फिर कैजुअल वेस्टर्न आउटफिट, पंजाबी क्वीन हर लुक को बेहद खूबसूरती और कॉन्फिडेंस के साथ कैरी करती हैं. सोशल मीडिया पर सरगुन की तस्वीरें छाई रहती हैं. फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं. एथनिक आउटफिट में सरगुन की खूबसूरती देखते ही बनती है. साड़ी, लहंगा और अनारकली सूट में उनका एलिगेंट अंदाज फैंस को खूब पसंद आता है. वहीं, वेस्टर्न आउटफिट्स में भी वो अपने ग्लैमरस और मॉडर्न स्टाइल से हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं.

मिनिमल मेकअप, स्टाइलिश हेयरस्टाइल और परफेक्ट एक्सेसरीज के साथ सरगुन हर बार अपने लुक को खास बना देती हैं. फैशन के साथ-साथ सरगुन की स्माइल और कॉन्फिडेंस भी उनके हर लुक में चार चांद लगा देते हैं. सरगुन सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं. इंस्टाग्राम पर उनके 9.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं. उनके हर नए लुक का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं. सरगुन भी अपने चाहने वालों को निराश नहीं करतीं और अक्सर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. सरगुन की सादगी और चार्म ही उन्हें बाकी एक्ट्रेसेस से अलग बनाता है. उनका फैशन सेंस भी काफी यूनिक है. इसमें कोई शक नहीं है कि सरगुन हर लुक में कहर ढाती हैं. स्टाइल स्टेटमेंट को लेकर भी अक्सर लाइमलाइट में बनी रहती हैं. कैरी ऑन जट्टा 4 की बात करें तो इस फिल्म के डायरेक्टर स्मीप कांग हैं. उन्होंने ही इस सुपरहिट पंजाबी कॉमेडी फ्रैंचाइजी के पिछली तीनों फिल्मों का निर्देशन किया है. फिल्म की कहानी नरेश कथूरिया ने लिखी है. गिप्पी ग्रेवाल और सरगुन मेहता के अलावा इस फिल्म में बिन्नू ढिल्लों, पुखराज भल्ला, जैस्मीन बाजवा और गुरप्रीत घुग्गी जैसे एक्टर्स नजर आ रहे हैं. गिप्पी ग्रेवाल और रवनीत कौर ग्रेवाल फिल्म के प्रोड्यूसर हैं.



# सिनेमाघरों में धुरंधर: द रिवेंज के 100 दिन पूरे, मेकर्स ने हौसला ईंधन बदला के साथ मनाया जश्न



डा डायरेक्टर आदित्य धर की फिल्म धुरंधरः द रिवेंज ने सिनेमाघरों में 100 दिन पूरे कर लिए हैं. यह आदित्य धर के निर्देशन वाली इस फ्रैंचाइजी के लिए एक और बड़ी उपलब्धि है. इस शुक्रवार को जियो स्टूडियोज ने धुरंधर के सीक्वल के लिए एक खास 100-दिन का पोस्टर जारी करके इस उपलब्धि का जश्न मनाया. इतना ही नहीं, 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन जारी रखा है. जियो स्टूडियोज के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल ने यह अपडेट शेयर किया और एक खास पोस्ट के जरिए इस उपलब्धि का जश्न मनाया. पोस्टर शेयर करते हुए मेकर ने कैप्शन में लिखा था, थिएटर्स में हौसला ईंधन बदला की गूंज सुनाई दिए 100 दिन हो गए हैं.

सैकनिल्क की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 में ओटीटी पर सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्मों की लिस्ट में धुरंधर और उसका सीक्वल सबसे आगे रहे. रिपोर्ट के अनुसार, इस स्पाई फ्रैंचाइजी के पहले और दूसरे पार्ट को नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर क्रमशः 3.11 करोड़ और 1.69 करोड़ लोगों ने देखा. वहीं, 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है. सैकनिल्क के अनुसार, इसने दुनिया भर में कुल 1813.38 करोड़ रुपये की कमाई की है. धुरंधर 2ः द रिवेंज, धुरंधर का सीक्वल था, जो 5 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म के दूसरे पार्ट ने आदित्य धर द्वारा बनाई गई बड़े दांव-पेच वाली दुनिया को आगे बढ़ाया और जासूसी, बदले की भावना और सीमा-पार अपराध की कहानी को और गहरा किया. सैकनिल्क के अनुसार, धुरंधरः द रिवेंज ने दुनिया भर के थिएटर में 100 दिनों की अपनी रिलीज के दौरान 1800 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है. कहा जा रहा है कि यह आमिर खान की दंगल के बाद दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई है. हालांकि, यह किसी एक ओरिजिनल भाषा में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म है. अगर इसमें फिल्म के पहले पार्ट का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन भी जोड़ दिया जाए, तो इस फ़्रैंचाइजी ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 3000 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है. फिल्म की जबरदस्त सफलता ने रणवीर सिंह को पूरे भारत में और भी बड़ा स्टार बना दिया है.

# भाषा नहीं, दमदार कहानी तय करती है फिल्म की सफलता : दिव्या दत्ता



अ अभिनेत्री दिव्या दत्ता का मानना है कि किसी भी फिल्म इंडस्ट्री की तुलना केवल भाषा के आधार पर करना उचित नहीं है। उनके अनुसार किसी फिल्म की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसकी कहानी कितनी प्रभावशाली है और उसे दर्शकों के सामने किस अंदाज में प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि अच्छी फिल्में हर भाषा में बनती हैं और दर्शक अब केवल भाषा या फिल्म इंडस्ट्री नहीं, बल्कि मजबूत कंटेंट को प्राथमिकता देते हैं।

एक बातचीत के दौरान जब दिव्या दत्ता से पूछा गया कि क्या क्षेत्रीय सिनेमा कॉमेडी फिल्मों को बॉलीवुड की तुलना में बेहतर ढंग से प्रस्तुत कर रहा है, तो उन्होंने इस धारणा से सहमति नहीं जताई। उनका कहना था कि इस तरह की तुलना करना सही नहीं है, क्योंकि हर फिल्म उद्योग में अच्छी और कमजोर दोनों तरह की फिल्में बनती हैं। किसी कॉमेडी फिल्म की कामयाबी केवल इस बात पर निर्भर करती है कि उसकी पटकथा कितनी मजबूत है और हास्य को कितनी प्रभावी ढंग से पर्दे पर उतारा गया है। दिव्या दत्ता ने कहा कि यदि किसी फिल्म का विषय रोचक है और उसका प्रस्तुतीकरण प्रभावशाली है, तो वह किसी भी भाषा में दर्शकों का दिल जीत सकती है। उनके अनुसार आज के दर्शक पहले की तुलना में कहीं अधिक जागरूक और समझदार हो चुके हैं। वे किसी फिल्म को केवल उसके बड़े सितारों, भाषा या फिल्म उद्योग के आधार पर नहीं आंकते, बल्कि कहानी, अभिनय और मनोरंजन के स्तर को महत्व देते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, मलयालम या किसी भी अन्य भाषा की फिल्म हो, यदि उसमें दमदार कहानी और बेहतरीन प्रस्तुति है तो वह सीमाओं से परे जाकर लोगों तक पहुंचती है। यही वजह है कि आज क्षेत्रीय फिल्मों को भी देशभर में सराहना मिल रही है और हिंदी फिल्मों को भी अलग-अलग भाषाओं के दर्शक पसंद कर रहे हैं। दिव्या दत्ता ने पंजाबी फिल्म कैरी ऑन जट्टा 4 का उदाहरण देते हुए कहा कि यह फिल्म साबित करती है कि अच्छी कॉमेडी की कोई भाषा नहीं होती। यदि हास्य स्वाभाविक हो और कहानी मनोरंजक हो तो दर्शक हर जगह उसे पसंद करते हैं और उससे जुड़ाव महसूस करते हैं। हाल ही में दिव्या दत्ता पंजाबी फिल्म कैरी ऑन जट्टा 4 के भव्य प्रीमियर में भी शामिल हुई थीं। वह अपने मित्रों और फिल्म की पूरी टीम का उत्साह बढ़ाने के लिए वहां पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने कलाकारों के अभिनय और फिल्म के मनोरंजक अंदाज की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसी फिल्में दर्शकों को हंसाने के साथ-साथ यह भी साबित करती हैं कि अच्छी कहानी और सशक्त प्रस्तुति ही किसी भी फिल्म की सबसे बड़ी पहचान होती है।


# वेलकम टू द जंगल के आगे भी कॉकटेल 2 ने दिखाया दम, 8वें दिन कर डाली धमाकेदार कमाई, मां इंति बंगारम ने भी किया हैरान,

2012 की हिट फ़िल्म कॉकटेल की स्पिरिचुअल सीक्वल होमी अदजानिया निर्देशित कॉकटेल 2 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन स्टारर इस फ़िल्म ने दर्शकों और क्रिटिक्स से मिले-जुले रिव्यू के बावजूद अपने ओपनिंग वीक में ठीक परफॉर्म किया. अब ये दूसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है और इसे नई रिलीज अक्षय कुमार की मल्टी स्टारर वेलकम टू द जंगल से मुकाबला करना पड़ रहा है. ऐसे में जानते हैं कॉकटेल 2 ने रिलीज के 8वें दिन यानी दूसरे फ्राइडे कितना कलेक्शन किया है? कॉकटेल 2 बॉक्स ऑफिस पर मजबूत बनी हुई है. यहां तक कि इसने दूसरे शुक्रवार को नई रिलीज वेलकम टू द जंगल के आगे भी अपना पूरा दम दिखाया और कलेक्शन में थोड़ी ग्रोथ भी दिखाई. ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक कॉकटेल 2 ने भारत में रिलीज के 8वें दिन 4.25 करोड़ (नेट) कमाए हैं. बतादें कि कॉकटेल 2 की शुरुआत ज़बरदस्त रही थी और इसने पहले दिन 13.50 करोड़ कमाए थे. वहीं वीकेंड पर फ़िल्म की रफ़्तार बढ़ी और शनिवार को इसने 16.25 करोड़




और रविवार को 17.75 करोड़ कमाए. सोमवार को इसकी कमाई में मंदी आई और इसने 6.75 करोड़ कमाए, जबकि मंगलवार को इसने 6.75 करोड़ का कलेक्शन किया.फ़िल्म ने बुधवार को 5.25 करोड़ और गुरुवार को भारतीय बॉक्स ऑफ़िस पर 4.15 करोड़ (नेट) कमाए थे. इसी के साथ इसका भारत में 8 दिनों का नेट कलेक्शन अब 74.75 करोड़ रुपये हो गया है. सामंथा रूथ प्रभु की मां इंति बंगारम बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर रही है. रिलीज के पहले हफ्ते में 35.85 करोड़ कमाने के बाद इस फिल्म ने दूसे शुक्रवार को कमाई में तेज दिखाई.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक मां इंति बंगारम ने रिलीज के 8वें दिन यानी फ्राइडे को 4.40 करोड़ कमाए हैं.इसी के साथ इस फिल्म की 8 दिनों की कुल कमाई अब 40.50 करोड़ रुपये हो गई है. इम्तियाज अली की मैं वापस आऊंगा नई रिलीज फिल्मों के आगे भी जमी हुई है. इसने पहले हफ्ते में 12.25 करोड़ कमाए थे और दूसरे हफ्ते में इसका कलेक्शन 22.55 करोड़ रुपये रहा. वहीं रिलीज के 15वें दिन यानी तीसरे फ्राइडे को इसने फिर तेजी दिखाई.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक मैं वापस आऊंगा ने रिलीज के 15वें दिन यानी तीसरे फ्राइडे को 2.85 करोड़ कमाए हैं.इसीके साथ इस फिल्म की 15 दिनों की कुल कमाई अब 37.65 करोड़ रुपये हो गई है.

# दीया मिर्जा ने सलमान खान की भविष्यवाणी को किया याद



अभिनेत्री दीया मिर्जा ने हाल ही में जानी-मानी निर्देशक और कोरियोग्राफर फराह खान को अपने घर पर आमंत्रित किया था। यह मुलाकात फराह के यूट्यूब चैनल के लिए थी, जहां दोनों ने मिलकर हेल्दी बनाना ब्रेड बनाने का लुत्फ उठाया। इस मजेदार कार्यक्रम के दौरान, दीया मिर्जा ने अपने करियर के शुरुआती दिनों की एक दिलचस्प और थोड़ी डरावनी घटना को याद किया। उन्होंने अभिनेता सलमान खान के साथ अपनी पहली फिल्म तुमको ना भूल पाएंगे की शूटिंग के दिनों को याद किया, जिसमें सुष्मिता सेन भी उनकी सह-कलाकार थीं। जब फराह खान ने सहजता से सुझाव दिया कि दीया मिर्जा को सलमान खान के साथ एक बार फिर काम करना चाहिए, तो दीया ने मुस्कराते हुए कहा कि अब सलमान युवा अभिनेत्रियों के साथ काम करेंगे। इसी बात पर उन्होंने उस समय को याद किया जब सलमान ने उनके करियर की शुरुआत में ही उनसे एक अजीबोगरीब भविष्यवाणी की थी कि एक दिन वह पर्दे पर उनकी मां का किरदार निभाएंगी। दीया ने बताया कि सलमान खान ने मेरी पहली फिल्म में ही मुझसे कहा था कि देखना एक दिन तू मेरी मां का रोल करेगी। दीया ने साझा किया कि सलमान की यह भविष्यवाणी सुनकर वह उस समय बेहद भयभीत हो गई थीं, क्योंकि वह उस वक्त सिर्फ 19 साल की थीं और उन्होंने अभी-अभी अपना करियर शुरू किया था। उन्होंने उस पल का विस्तार से वर्णन किया: मैं 19 साल की थी। मैं, राजपाल यादव और एसके (सलमान खान) एक शॉट का इंतजार कर रहे थे। फिल्म में सलमान की मां का किरदार निभाने वाली एक महिला थीं। उन्होंने हाल ही में बच्चे को जन्म दिया था। दीया ने सलमान से कहा कि ये तुम्हारी मां का किरदार निभा रही हैं, और उन्होंने अभी-अभी बच्चे को जन्म दिया है, मतलब वो काफी जवान होंगी। दीया की इस टिप्पणी पर सलमान ने अपने चिर-परिचित अंदाज़ में जवाब दिया, चिंता मत करो, तुम्हारे साथ भी ऐसा ही होगा। यह टिप्पणी उस समय दीया के लिए काफी चौंकाने वाली थी, लेकिन अब वह इसे एक मजेदार याद के तौर पर देखती हैं। 2002 में रिलीज हुई यह रोमांटिक एक्शन फिल्म तुमको ना भूल पाएंगे पंकज पाराशर द्वारा निर्देशित थी।

# धमाल 4 से रितेश देशमुख-अंजलि आनंद का गाना जारी सुनकर याद आ जाएगी गुलाबी साड़ी




अ अजय देवगन की फिल्म धमाल 4 दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। कुछ दिन पहले ट्रेलर जारी हुआ था, जिसने लोगों को हंसा-हंसाकर पेट में दर्द कर दिया। अब फिल्म का नया गाना साड़ी आया है, जिसमें रितेश देशमुख और अंजलि आनंद डांस करते दिख रहे हैं। दरअसल, यह गायक संजू राठौड़ के लोकप्रिय पहाड़ी गाने गुलाबी साड़ी का रीक्रिएट संस्करण है। इससे पहले फिल्म से चटनी गाना आया था, जो चर्चित भोजपुरी गाने का रीक्रिएटेड संस्करण था। रीक्रिएटेड गाने को संजू ने ही अपनी धमाकेदार आवाज दी है। इसका संगीत उन्होंने तनिष्क बक्शी के साथ मिलकर दिया है, जबकि बोल कुमार के साथ लिखे हैं। गाने के शीर्षक के आधार पर अंजलि ने गुलाबी रंग की साड़ी पहनी है, जबकि रितेश सफेद रंग के सूट में काफी स्टाइलिश नजर आ रहे हैं। धमाल 4 10 जुलाई, 2026 को रिलीज हो रही है। इसमें अरशद वारसी, जावेद जाफरी, रवि किशन, संजीदा शेख और संजय मिश्रा जैसे सितारे हैं।

# होंठों की देखभाल करते समय न करें ये 5 गलतियां, लग सकती है चोट



हों होंठों की देखभाल के लिए लोग तरह-तरह के उपाय अपनाते हैं, लेकिन कई बार अनजाने में कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, जो उनके होंठों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इन गलतियों के कारण होंठ रूखे, फटे या काले हो सकते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी सामान्य गलतियों के बारे में बताएंगे, जिनसे आपको बचना चाहिए ताकि आपके होंठ स्वस्थ और सुंदर बने रहें।

लिप बाम का सही इस्तेमाल न करना : लिप बाम का इस्तेमाल करते समय कई लोग उसे सही तरीके से लगाते नहीं हैं। अक्सर लोग लिप बाम को सिर्फ एक बार लगाकर छोड़ देते हैं या फिर बार-बार लगाने की जरूरत नहीं समझते। ऐसा करने से होंठों को पर्याप्त नमी नहीं मिल पाती और वे सूखे हो जाते हैं। लिप बाम को दिन में कम से कम तीन बार लगाना चाहिए, खासकर जब मौसम ठंडा या सूखा हो।

पानी की कमी पर ध्यान न देनाः होंठों की देखभाल करते समय पानी पीने पर ध्यान नहीं दिया जाता। शरीर में पानी की कमी होने से होंठ सूखे और फटे हुए दिख सकते हैं। इसलिए रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है। इससे न केवल आपके शरीर को नमी मिलेगी, बल्कि आपके होंठ भी स्वस्थ रहेंगे। कोशिश करें कि दिनभर में कम से कम 8-10 गिलास पानी जरूर पिएं। इसके अलावा फलों का रस और ताजे पेय भी शामिल करें।

धूप से सुरक्षा न करना : धूप में बाहर निकलते समय सिर्फ चेहरे ही नहीं बल्कि होंठों की भी सुरक्षा करनी चाहिए। सूरज की किरणों से हानिकारक किरणें आपकी त्वचा के साथ-साथ होंठों पर भी बुरा असर डाल सकती हैं। इसलिए जब भी बाहर जाएं, होंठों पर धूप से बचाने वाला लिप बाम जरूर लगाएं। यह आपके होंठों को धूप के हानिकारक प्रभावों से बचाएगा और उन्हें स्वस्थ बनाए रखेगा। इस तरह आप धूप से होने वाले नुकसान से बच सकते हैं।

होंठों की सफाई न करना : होंठों की मृत त्वचा को हटाना बहुत जरूरी होता है ताकि वे स्वस्थ और सुंदर बने रहें। कई लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे होंठ रूखे और फटे हुए दिख सकते हैं। हफ्ते में एक बार हल्के स्क्रब से अपने होंठों को साफ करें। इसके लिए आप चीनी और शहद का मिश्रण बना सकते हैं। इससे आपके होंठ ताजगी महसूस करेंगे और मृत त्वचा हट जाएगी, जिससे वे नरम और मुलायम बने रहेंगे।

गलत खाने की आदतें : आपकी खाने की आदतों का सीधा असर आपके पूरे शरीर पर पड़ता है, जिसमें होंठ भी शामिल हैं। ज्यादा मसालेदार, खट्टे या नमकीन चीजें खाने से होंठों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इससे वे जलन या सूजन जैसी समस्याओं का सामना कर सकते हैं। इसलिए अपनी खाने की आदतों में पौष्टिक चीजों को शामिल करें जैसे फल-सब्जियां, जो आपके शरीर को पोषण देंगी और आपके होंठों को भी स्वस्थ बनाए रखेंगी।

# Tamil Nadu CM Faces Row After Appointing His Film Producer as Special Representative in Delhi

**Chennai, Agency:** Tamil Nadu Chief Minister Vijay has come under political fire after appointing the producer of his upcoming film Jananayagan, K. Venkat Narayana, as the Tamil Nadu Government's Special Representative in New Delhi. The appointment has drawn criticism from the BJP, CPI, CPM and several other political parties.



**CPI Urges CM to Reconsider Appointment:** The Communist Party of India (CPI) has urged the Chief Minister to reconsider the appointment. In a statement issued on Sunday, CPI Tamil Nadu State Secretary M. Veerapandian said reports suggested that Bengaluru-based businessman K. Venkat Narayana, who is said to have political influence in Karnataka, had been appointed as the state's Special Representative in Delhi. He said the appointment had sparked widespread debate and criticism across Tamil Nadu. "The people will not accept a person as Tamil Nadu's Special Representative in Delhi who lacks an understanding of the state's political, economic and social landscape, as well as its art, literature and culture," Veerapandian said. He urged the Chief Minister to review the decision and appoint a more suitable representative. On Friday, the Tamil Nadu Government officially announced Venkat Narayana's appointment.

The government order stated that K. Venkat Narayana had been appointed as the Tamil Nadu Government's Special Representative in Delhi for a period of one year from the date he assumes office. The detailed terms and conditions of his appointment would be issued separately.

The decision has been criticised by DMK MP A. Raja, Tamil Nadu BJP president Nainar Nagendran, and Naam Tamilar Katchi leader Seeman.

A chartered accountant and law graduate, Venkat Narayana is the founder of Bengaluru-based KVN Productions and the producer of Chief Minister Vijay's film Jananayagan, which is yet to be released due to certification-related issues.

**BJP Questions Appointment:** Tamil Nadu BJP president Nainar Nagendran expressed surprise over the appointment, alleging that the government had chosen a person who was not even proficient in the Tamil language to represent the state.

In a post on X, he questioned how someone with no substantial connection to Tamil Nadu could effectively serve as a bridge between the State Government and the Centre. "How can a person who is unfamiliar with Tamil language and Tamil culture effectively represent the aspirations of the people of Tamil Nadu and the voice of the State Government in Delhi?" he asked.

## Major Road Accident in Jammu & Kashmir; CISF Bus Crashes, Nine Injured Including Eight Personnel



**Jammu, Agency:** A bus carrying personnel of the Central Industrial Security Force (CISF) met with an accident in Jammu and Kashmir's Reasi district on Sunday, leaving eight CISF personnel and the driver injured. Police have launched an investigation into the incident.

According to officials, the accident occurred near the Tarakote area of Reasi district on Sunday afternoon. The bus was transporting CISF personnel when the driver reportedly lost control of the vehicle, causing it to skid off the road and crash.

**Treatment Underway:** Three injured CISF personnel have been referred to Narayana Hospital for advanced treatment, while the remaining injured personnel and the driver are undergoing treatment at a local hospital. Police officials said an investigation has been initiated to ascertain the exact cause of the accident. A day earlier, on Saturday, another tragic road accident occurred in Doda district of Jammu and Kashmir, where a vehicle plunged into a deep gorge near Basti village in Bhaderwah. Two people—60-year-old Zaitoon Bibi and 65-year-old Imam Din—lost their lives, while four others sustained injuries.

**Major Causes of Road Accidents:** According to police, poor road conditions in hilly regions, overloading, overspeeding, dangerous overtaking and negligent driving remain the primary causes of road accidents. Such mishaps are frequently reported from the hilly districts of Doda, Kishtwar, Rajouri, Poonch, Ramban, Udhampur and Reasi. The Traffic Department has deployed special teams in these areas to strengthen road safety. Regular action is being taken against traffic rule violators. Petrol pump operators have also been instructed not to supply fuel to two-wheeler riders without helmets.

**Awareness Campaigns:** The Transport Department regularly conducts awareness campaigns on traffic rules and the penalties for violations. Under existing provisions, if a minor is found driving a vehicle, legal action, including fines, punishment and cancellation of the vehicle's registration, can be taken against the guardian. Driving licences of motorists found guilty of serious traffic violations may also be cancelled.



## Man Dies in Car Blast After Allegedly Abducting Former Girlfriend

*Woman Escapes by Jumping Out*

**Tumakuru, Agency:** In a shocking incident in Karnataka's Tumakuru district, a man allegedly abducted his former girlfriend and attempted to kill both of them by detonating an explosive inside a car. The woman managed to escape by jumping out of the moving vehicle moments before the blast, while the accused died on the spot in the explosion.

According to police, the two had been in a relationship for several years but had recently parted ways following personal differences. Upset over the breakup, the man allegedly abducted the woman, forced her into a car and drove towards a secluded area.

Investigators said the accused had allegedly planted country-made bombs inside the vehicle with the intention of carrying out a murder-suicide. However, before the explosion occurred, the woman managed to flee from the car and survived. Police rushed to the spot after receiving information about the incident and have launched an investigation. The incident took place on Saturday on National Highway-48 near Kallambella in Tumakuru district.

Police said the deceased has been identified as Nagendra (30), a resident of Ankola in Uttara Kannada district. Preliminary investigations revealed that Nagendra and Ramya had been in a relationship for nearly six years.

### Lotus Will Bloom in Telangana Soon

## BJP Aims for 'Double-Engine Government' Says Party President Nitin Naveen



**Hyderabad, Agency:** Bharatiya Janata Party (BJP) national president Nitin Naveen expressed confidence that the party will form the government in Telangana, saying the day when the "Lotus blooms" in the state is not far away. Addressing the inauguration of the BJP's Rangareddy Rural District office at Shamshabad in Hyderabad, he urged party workers to strengthen the organisation down to the booth level in preparation for the upcoming elections.

Nitin Naveen said the BJP had achieved success in West Bengal through sustained struggle and organisational strength and would adopt the same model in Telangana to capture power. Accusing the Congress government of corruption and misgovernance, he called upon BJP workers to work with full dedication to establish a "double-engine government" in the state.

## Mumbai Submerged as Monsoon Batters City; Andheri Subway Closed, Traffic Hit

**Mumbai, Agency:** The monsoon made a dramatic entry into Maharashtra's capital, Mumbai, throwing normal life out of gear. Heavy rainfall submerged several parts of the city, while roads resembled ponds following overnight showers. Waterlogging severely affected traffic movement, causing major inconvenience to commuters across the city.

Following the heavy rainfall, the Andheri subway was completely inundated, forcing authorities to shut it for vehicular movement as a safety measure. The Andheri subway is a crucial underpass connecting Mumbai's eastern and western suburbs and is used daily by thousands of vehicles and commuters. Waterlogging at the subway has remained a recurring problem during every monsoon.



**Rain Exposes Civic Claims...** Before the onset of the monsoon, the Brihanmumbai Municipal Corporation (BMC) had claimed to have taken extensive measures to prevent waterlogging, including large-scale desilting of drains across the city. However, the overnight rain exposed the shortcomings of the civic body's preparedness, with many areas witnessing severe flooding despite the pre-monsoon measures.

**Worst-Hit Areas:** The overnight downpour had the maximum impact on the western suburbs, including Andheri, Bandra, Khar, Malad, Goregaon, Juhu and Versova. Several roads were submerged, creating difficulties for motorists as well as pedestrians. Traffic on the Western Express Highway also moved at a snail's pace due to waterlogging, with long traffic jams reported from several stretches.

## Row Over Urdu Teaching in Telangana

**Hyderabad, Agency:** The controversy over the teaching of Urdu in a school in Telangana has intensified, with Congress national spokesperson Dr. Shama Mohamed demanding strict action against BJP leaders accused of assaulting a school principal in Nizamabad district.



Sharing a video on social media platform X on Sunday, Dr. Mohamed alleged that a group of BJP workers entered the school premises and assaulted a teacher teaching Urdu in the presence of police personnel. Tagging Telangana Chief Minister A. Revanth Reddy, she demanded the suspension of the police personnel concerned and strict action against those responsible.

Serious Allegations Against BJP In her post, Dr. Mohamed said the BJP now appeared to have a problem even with the Urdu language. She also questioned Prime Minister Narendra Modi's slogan of "Sabka Saath, Sabka Vikas."

The incident reportedly took place on Saturday at Bharath Chandra School in Armur town of Nizamabad district. According to allegations, some local BJP leaders entered the school campus and assaulted principal Aamer Khan. They objected to Urdu being taught as a second language in the school and further alleged that students were being taught Urdu songs and religious material.

## Kerala Opposition Leader Seeks Supreme Court-Monitored Probe into Ayodhya Ram Temple Donation Row

**Thiruvananthapuram, Agency:** The controversy over alleged financial irregularities in donations offered at the Ayodhya Ram Temple has assumed national political significance, with Kerala Opposition leader and senior CPI(M) leader Pinarayi Vijayan demanding a high-level probe under the direct supervision of the Supreme Court.

In a statement posted on Facebook, Vijayan described the allegations as extremely serious, saying they involved the faith and religious sentiments of millions of devotees.

He said the public had every right to know how the donations collected for the construction and management of the temple had been utilised.

Alleging that people's faith had been exploited for political gain, Vijayan claimed financial irregularities were committed under its cover. He also sought an explanation from Prime Minister Narendra Modi over the matter. It may be noted that the Uttar Pradesh government has constituted a Special Investigation Team (SIT) to investigate the case, and eight people have been arrested so far. Opposition parties have been consistently demanding an impartial and transparent inquiry. In his Facebook post, Vijayan described reports of financial irregularities as "extremely serious" and said they raised disturbing questions about the misuse of people's faith and religious sentiments.

He alleged that those who used public faith for political advantage had also carried out organised financial fraud under its cover.

Vijayan claimed that the trustees of the Ayodhya Ram Temple Trust had close links with organisations affiliated with the Sangh Parivar and said they were duty-bound to explain how the money donated by lakhs of devotees had been utilised. "The public has the right to know where the donations went," he asserted.

The CPI(M) leader also demanded a response from Prime Minister Narendra Modi, noting that he had played a key role during the consecration ceremony of the Ram Temple.

Vijayan further said that the trust, constituted through an official parliamentary notification issued by the Central Government, was now facing serious questions, making accountability and transparency essential.

According to Vijayan, the controversy surrounding the temple funds reflected the "true character" of Sangh Parivar politics.

## Muharram Capsule Distribution Case: Accused Faiaz Sent to Police Custody

**Mumbai, Agency:** A Mumbai court has remanded Faiaz Nisar Premji, a resident of Pune, to police custody till Monday in connection with the alleged distribution of poisonous capsules among mourners during a Muharram procession in Mumbai.

Faiaz, a resident of the Viman Nagar area in Pune, was arrested on Saturday by Mumbai Police for allegedly distributing capsules containing zinc phosphide, a highly toxic rat poison, as "painkillers" during the Muharram procession in the Byculla area.

**Highly Educated Accused Under Investigation:** Mumbai Deputy Commissioner of Police (DCP) Jayant Meena told ETV Bharat that the 39-year-old accused is highly educated and holds a professional degree.

He said police have registered a case against him under relevant provisions of the Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS) relating to attempt to murder and other offences. According to the DCP, investigations have revealed that Faiaz travelled to Iran and Iraq several times between 2019 and 2025. Police said records indicate that Faiaz visited Iran three times within just 19 days last year. Investigators are now examining the reasons behind his frequent visits to Iran, whether he had any links with any international terrorist organisation, and the purpose of his stay at a guest house in Mumbai's Dongri area over the past 15 days.

## Amid Sonam Wangchuk's Fast, Deepke Expands Protest Agenda to Electoral Reforms

**New Delhi, Agency:** Social activist Sonam Wangchuk on Sunday began a hunger strike at Jantar Mantar in support of the protest organised by the Cockroach Janata Party (CJP), which is demanding the resignation of Union Education Minister Dharmendra Pradhan over alleged irregularities in examinations. Meanwhile, CJP founder Abhijeet Deepke announced that the movement would no longer remain confined to issues related to education and the NEET controversy but would also focus on electoral reforms and accountability in the election system.



**Movement Will Go Beyond NEET:** Deepke said the campaign would not be limited to education and NEET-related issues alone. It would also raise concerns about reforms in the electoral system and greater accountability in the election process.

"Many people believe this is only about NEET and education. I want to make it clear that this is just the beginning. We will also take up election-related issues, including the Special Intensive Revision (SIR) of electoral rolls. Through this movement, we will raise several other public concerns as well," he said.

**Focus on Electoral Reforms:** Deepke said that irrespective of whether his party contests elections or not, it would continue working for reforms in the electoral system.

"At present, if names are removed from voter lists in this manner, there may not even be any need for Electronic Voting Machines (EVMs)," he remarked, while alleging shortcomings in the existing electoral process. Speaking before beginning his fast, Sonam Wangchuk said education had always been a cause close to his heart and that peaceful protest was essential for bringing about systemic reforms.

Before launching the hunger strike, Wangchuk and Abhijeet Deepke visited Rajghat to pay tribute to Mahatma Gandhi.